संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
05 दिसंबर 2024, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 69
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## असम में बीफ पर बैन

**गुवाहाटी ।** असम सरकार ने बीफ पर बैन लगा दिया है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। सीएम ने बताया कि यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर परोसा नहीं जा सकेगा। इसकी घोषणा करते हुए जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा ने कहा- कांग्रेस इस फैसले का स्वागत करे या पाकिस्तान जाए। दरअसल, सामगुरी सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान हुआ था।

# हेमंत सोरेन को 16 दिसंबर तक व्यक्तिगत उपस्थिति से मिली छूट

## हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब




**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किए जाने के मामले की सुनवाई बुधवार को हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने 16 दिसंबर तक समन अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की है।

मामले के सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में हुई। अदालत ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में मंगलवार को याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दाखिल पिटीशन को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया था। साथ ही हेमंत सोरेन को मामले में व्यक्तिगत रूप से चार दिसंबर को बुलाया है, जिसे हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर एमपी-एमएलए कोर्ट से समन जारी है।

**क्या है मामला**

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

# स्टालिन और सोरेन ने जाति जनगणना और आरक्षण सीमा हटाने का किया आह्वान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत प्रमुख सामाजिक न्याय समर्थक नेताओं ने मंगलवार को जाति जनगणना, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत प्रयासों का आह्वान किया।

नई दिल्ली में मंगलवार शाम को अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ के तीसरे संस्करण के सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने कहा कि सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष राजनीति, समाजवाद, समानता, राज्य स्वायत्तता और संघवाद हमारे उद्देश्य हैं। हमें एकजुट होकर इन उद्देश्यों के लिए लड़ना कि आवश्यकता है। स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना और निर्वाचन क्षेत्रों के




परिसीमन से जोड़ने और 2029 के बाद तक इसके क्रियान्वयन में देरी करने के लिए भाजपा की आलोचना की।

स्टालिन ने लंबित रिक्तियों को संबोधित करने, न्यायिक नियुक्तियों में आरक्षण शुरू करने, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने और राज्यों को अपनी आरक्षण नीतियां तैयार करने का अधिकार देने की अपनी मांग दोहराई।

इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेन सोरेन ने कहा कि हमें सार्वजनिक सेवा में अधिकारियों के लैटरल एंट्री जैसे डिजाइन का विरोध करना चाहिए। संघर्ष की यह भावना हर कोने या इसमें शामिल लोगों तक पहुंचनी चाहिए। मुलायम सिंह यादव और एम. करुणानिधि जैसे नेताओं को लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। सांसद और विदुथलाई चिरुथिगल काची के अध्यक्ष थोल थिरुमावलवन ने कहा कि जाति जनगणना के बिना सामाजिक न्याय के उद्देश्यों को पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। समारोह में भाग लेने वालों में डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, तृणमूल कांग्रेस सांसद मोहिमा मोइत्रा, फौजिया तहसीन शमद खान, सांसद, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) सहित कई नेता शामिल थे। राज्यसभा सदस्य पी विल्सन ने सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया।

## भकपा माले मंत्रिमंडल में नहीं शामिल होगी : अरूप चटर्जी

**धनबाद ।** निरसा से नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी ने बुधवार को कहा कि भाकपा माले झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी।जनता से सरोकार रखने वालों को ही जनता ताज पहनाती है। झारखंड की जनता ने इंडिया गठबंधन को पूर्ण जनादेश दिया है।उन्होंने कहा कि भाकपा माले ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था।सभी की इच्छा थी कि गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिले और हेमंत सोरेन दुबारा मुख्यमंत्री बनें। राज्य की जनता ने उसे पूरा किया है और हेमंत सोरेन फिर मुख्यमंत्री बन गए हैं।उन्होंने कहा कि मैं मंत्री बनूं या नहीं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।निरसा सहित पूरे धनबाद जिले का विकास और कोई भी काम नहीं रुकेगा।पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता पर निशाना साधते हुए चटर्जी ने कहा कि 2005 में वह विधायक बनकर मंत्री बनीं।

# सीएम हेमंत के मंत्रिमंडल का विस्तार आज

## मंत्री पद के लिए कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का रखा है ख्याल : गुलाम मीर

**● कांग्रेस कोटे से चार मंत्रियों इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह , शिल्पी नेहा तिर्की, राधाकृष्ण किशोर का नाम लगभग तय**

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार पांच दिसंबर को रांची स्थित राजभवन के बिरसा मंडप में होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलाएंगे, जो विधानसभा सत्र से पहले नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। झारखंड विधानसभा में स्टीफन मरांडी सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। वह पहली बार 1980 में विधायक चुने गये थे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रुप में मोरहाबादी मैदान में 28 नंवबर को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन में 56 सीटें मिली हैं। इनमें झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा-



माले को दो सीटें मिली हैं जबकि विपक्ष में एनडीए को 24 सीटें मिली हैं।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की शाम रांची पहुंचे।रांची पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए हर वर्ग को जगह देने की कोशिश की गई है।इसमें कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का भी ख्याल रखा गया है।मंत्रियों के नाम को आगे बढ़ाने का अधिकार सीएम का होगा है।बुधवार की रात तक सबको पता चल जाएगा कौन मंत्री बन रहा है।इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे।उन्होंने भी कहा कि मंत्री पद के लिए सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।पार्टी के विधायक दल के नेता को मंत्री पद नहीं मिलेगा।पूर्व की सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास जो विभाग थे, वे बरकरार रखे जाएंगे। बताते चलें कि पांच दिसंबर को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।प्रोटेम स्पीकर को भी राज्यपाल शपथ दिलाएंगे। राजभवन में इसकी तैयारियां भी की जा रही हैं।

# महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन आज, सीएम पद की शपथ लेंगे फडणवीस

## शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**एजेंसी**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन गुरूवार को होगा। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। वहीं सूत्रों के मुताबिक, वह डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने को तैयार हो गए हैं। मतलब शिंदे भी सरकार का हिस्सा होंगे। एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम के साथ-साथ गृह मंत्रालय भी मांग रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने साफ कर दिया है कि अगर गृह मंत्रालय नहीं मिलता है तो वो सरकार में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, फडणवीस ने एकनाथ शिंदे से इस मसले पर लगभग घंटेभर तक चर्चा की। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वो उनकी इस मांग पर हाईकमान से बात करेंगे।

गौरतलब है कि बुधवार को भाजपा कोर कमेटी की



बैठक में देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है। इसके बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगांटीवार ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से देवेंद्र फडणवीस को अपना नेता चुना। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में महाराष्ट्र विधानसभा भवन में विधायक दल की बैठक हुई। पांच दिसंबर को शाम पांच बजे दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह है।

# देवघर : 95 लाख रुपए से ज्यादा के गबन का आरोप, नाजिर गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** करौं प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित नाजिर को लाखों रुपए गबन के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नाजिर अमित कुमार के खिलाफ करौं प्रखंड विकास पदाधिकारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। उसके उपर 95 लाख रुपए से ज्यादा के गबन का आरोप है।आरोप है कि अमित कुमार द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर और परिवहन कर्मी के भुगतान विपत्र में खाता संख्या को बदलकर अपने और अपने रिश्तेदारों के खाता में प्रविष्टि कर राशि की अवैध निकासी किया गया है। दर्ज मामले में कहा गया है कि करौं प्रखंड कार्यालय में नाजिर सह स्थापना लिपिक अमित कुमार के द्वारा प्रखंड के सेवानिवृत अनुसेवक श्रीकांत सिंह का विपत्र उप कोषागार मधुपुर में जमा कराकर उसकी निकासी कर ली गई। जब बीडीओ हरि उरांव को इस बारे में पता चला तो तत्काल उप कोषागार पदाधिकारी मधुपुर से संपर्क किया गया। जिसके बाद जांच में पता चला कि अमित कुमार द्वारा लाखों का गबन किया गया है । बताया जा रहा है कि पता चला 20 लाख 87 हजार 328 रुपया का भुगतान पारित किया जा चुका है। जिसके बाद केनरा बैंक मधुपुर शाखा प्रबंधक से मिलकर जिस खाता में पैसा ट्रांसफर किया गया था उसे होल्ड कराया गया। उस खाता का विवरण निकलवाने पर पता चला कि ये श्रीकांत सिंह का खाता नहीं है। ये खाता बिहार के नवादा जिला के कलाली मोड निवासी सरिता वर्णवाल के नाम का खाता है। उसके बाद उप कोषागार मधुपुर में जाकर सेवानिवृत परिवहन कर्मी के पूर्व में किए गए भुगतान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें पता चला कि उसके द्वारा पूर्व में अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह से हेराफेरी की गई है। इससे पूर्व सेवानिवृत परिवहन कर्मी मृत राधा किशुन सिंह की पत्नी मोती देवी के साथ जालसाजी कर 20 लाख 87 हजार 328 रुपया की अवैध निकासी की गई। ये पैसा अमित कुमार के खाता में भेजा गया है। वहीं महिला का 18 लाख 8 हजार 900 रुपया बिहार पटना खगौल सनरारी निवासी प्रीति रानी के खाता में ट्रांसफर किया गया।

# किसानों के मामले को लेकर राज्यसभा में हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र का यह दूसरा सप्ताह जिसमें बिना गतिरोध दोनों ही सदनों में काम-काज जारी है। गौरतलब है कि जारी गतिरोध समाप्त होने के बाद मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही शाम सात और राज्यसभा की कार्यवाही शाम छह बजे तक चली थी। बुधवार राज्यसभा में किसानों के मामलों को लेकर हंगामा हुआ, जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने वॉकआउट किया।

इससे पहले राज्यसभा में किसानों के मुद्दे को उठा रहे विपक्षी सदस्य किसान विरोधी यह सरकार, नहीं चलेगी नहीं चलेगी वाले नारे लगा रहे थे। आज राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने मिलिंद देवड़ा को जन्मदिन की बधाई देते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया।

# राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर पर रोके गये

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर 4 घंटे जाम से लोग परेशान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीटा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/संभल ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन से मिलना था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर 4 घंटे तक 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। इससे ट्रैफिक में फंसे लोग नाराज हो गए। उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया। इससे पहले राहुल ने भी अफसरों से बातचीत की। कहा- मैं पुलिस की गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं। लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। राहुल हाथ में संविधान लेकर कार पर चढ़ गए। मीडिया को



संबोधित किया। इसके बाद राहुल-प्रियंका दिल्ली लौट गए। उन्होंने कहा- अब 6 दिसंबर को संभल जाएंगे। संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भडक़ गई थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इससे पहले, शनिवार को सपा और रविवार को कांग्रेस के डेलिगेशन ने भी संभल जाने का ऐलान किया था। हालांकि, पुलिस ने जगह-जगह घेराबंदी करके किसी को संभल नहीं जाने दिया।

# बालिका गृह में चार वर्षो से चल रहा था यौन शोषण का खेल : विमला कुमारी

**संवाददाता**

**पलामू ।** पलामू बालिका गृह में बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद इसके संचालक रामप्रताप गुप्ता और महिला काउंसलर प्रियंका कुमारी को जेल भेज दिया गया है। बालिका गृह को सील कर यहां की बच्चियों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। सीडब्लूसी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पर कार्रवाई की गयी है। इस बीच बीस सूत्री पलामू की उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने बुधवार को सनसनीखेज खुलासे करते हुए कहा कि पलामू बालिका गृह में पिछले चार वर्ष से यौन शोषण का खेल चल रहा था। जांच के बाद कार्रवाई के लिए शिकायत की गयी थी, लेकिन पलामू के तत्कालीन डीडीसी एवं डीएसडब्लूओ ने कार्रवाई के नाम पर केवल कोरम पूरा किया था। इस मामले में दोनों की भूमिका संदेहास्पद है। ऐसे में इन दोनों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने बालिका गृह और कस्तूरबा विद्यालय की निगरानी के लिए स्पेशल कमिटी बनाने की मांग की। विमला ने पत्रकारों को बताया कि बालिका गृह को लेकर कई शिकायतें मिली थी। 16 मार्च 2023 को बालिका गृह की जांच की थी। कई गड़बड़ियां पायी गयी। मामले को उठाया, लेकिन पलामू की तत्कालीन समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने अपने स्तर से जांच कर बालिका गृह को क्लीन चीट दे दी थी, तब तत्कालीन डीसी तक मामले को पहुंचाया गया। डीसी ने डीडीसी से जांच रिपोर्ट मांगी, लेकिन डीडीसी ने मामले को रफा दफा कर दिया। जांच के क्रम में डीडीसी ने कुछ कागजात और सीसीटीवी का डीबीआर जब्त किया था। उसकी भी जांच की जाए। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ वहां की वार्डन को हटाने का निर्देश बालिका गृह को दिया गया था।

विमला ने बताया कि एक बच्ची जिसके दो और नाबालिग भाई-बहन थे। उसे गढवा से रेस्क्यू कर डालटनगंज के दिव्यांग स्कूल में रखा गया था। किसी कारण से स्कूल बंद होने के बाद दोनों बच्ची को बालिका गृह में रखा गया, जब बच्ची बालिग हो गयी तो उसे किसी अंजान व्यक्ति के हाथों शादी के नाम पर पैसे लेकर बेच दिया गया, जबकि कानूनी रूप से अनाथ बच्ची होम में रहते हुए अगर बालिग होती है तो उसके कानूनन अभिभावक एसडीओ या डीडीसी होते हैं, लेकिन इसकी अनदेखी की गयी।

# जजों की बर्खास्तगी का मामला महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण रवैया न्यायोचित नहीं

## पुरुषों को भी मासिक धर्म होता तो वह महिलाओं का दर्द समझते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा छह महिला सिविल जजों की सेवाएं समाप्त करने के फैसले पर नाराजगी जताई है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की युगलपीठ ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि पुरुषों को मासिक धर्म होता तो वह महिलाओं की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझ सकते।

पीठ ने कहा कि महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण रवैया न्यायोचित नहीं है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि महिलाएं किसी शारीरिक या मानसिक कारण से पीड़ित हैं, तो यह कहना उचित नहीं कि वे धीमी हैं और उन्हें बर्खास्त कर दिया जाए। यह समान मानदंड पुरुष जजों पर लागू करें, तब वास्तविकता का पता चलेगा।

बता दें मध्य प्रदेश में छह महिला सिविल जजों को



उनके प्रोबेशन पीरियड के दौरान असंतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे महिला न्यायिक अधिकारियों के प्रति असंवेदनशीलता का परिचायक बताया।

इससे पहले 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को इन बर्खास्तगी के फैसलों पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने साफ कहा था कि पीड़ित जजों के अभ्यावेदन पर निष्पक्ष और नए सिरे से विचार किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि जिला न्यायपालिका के लिए टारगेट यूनिट बनाने जैसे उपाय उचित नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर को इस मामले की अगली सुनवाई तय की है।

यह मामला न केवल महिला जजों के साथ न्यायिक प्रणाली में भेदभाव को उजागर करता है, बल्कि इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि महिलाओं के लिए समान अवसर और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण क्यों जरुरी है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इस विषय पर व्यापक बहस का आधार तैयार कर दिया है।

## बहुत सख्त है उत्तर प्रदेश का गुंडा एक्ट, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है ।

# नगर-निकाय चुनाव में वैकल्पिक मतगणना स्थल की व्यवस्था हो : चैंबर ऑफ कॉमर्स

संवाददाता



**रांची ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। दोबारा पदभार ग्रहण करने के लिए उन्हें बधाई दी। साथ ही शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। चैंबर प्रतिनिधियों ने डीसी से नगर/निकाय चुनाव में मतगणना के लिए वैकल्पिक स्थल का चयन करने का आग्रह किया। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए पंडरा बाजार का अधिग्रहण नहीं करने से संबंधित झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं किए जाने से व्यवसायियों को होनेवाली परेशानियों की जानकारी दी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य में जब भी आम चुनाव होते हैं, चुनावी कार्य के लिए पंडरा कृषि बाजार समिति परिसर के बड़े हिस्से को दो माह से अधिक समय के लिए खाली करा लिया जाता है। इससे व्यवसाय पूर्ण रूप से ठप हो जाता है।उन्होंने कहा कि इस मामले में चैंबर की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को चुनावी कार्यों के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन करने के लिए निर्देशित किया था।लेकिन वर्ष 2019 व 2024 में संपन्न लोकसभा व विधानसभा चुनावों इसका पालन नहीं किया गया। जबकि रांची के तत्कालीन डीसी ने नामकुम अंचल में ईवीएम वेयरहाउस बनाने की बात कही थी। उन्होंने डीसी मंजूनाथ भजंत्री से नगर/निकाय चुनाव से पहले मतगणना के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन करने का आग्रह किया। ताकि कृषि बाजार समिति पंडरा के व्यापारी बिना किसी व्यवधान के अपना व्यवसाय जारी रख सकें। इस पर डीसी ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, रोहित अग्रवाल, साहित्य पवन समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री, दी श्रद्धांजलि





**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के कांके रोड स्थित आवास पर उनके दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस एम. जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। दूसरी ओर, राज्यपाल से एचईसी मजदूर संघ का एक शिष्टमंडल राजभवन में मिला। शिष्टमंडल ने राज्यपाल के समक्ष एचईसी के कार्यों का उल्लेख करते हुए इसके पुनरुद्धार के लिए पहल करने का आग्रह किया। साथ ही शिष्टमंडल ने अवगत कराया कि प्रतिष्ठान के कर्मियों को 20-25 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा राज्यपाल से मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**धनबाद ।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने झरिया के घनुआडीह क्षेत्र में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर कैंसर जागरूकता बढ़ाने और प्रारंभिक स्तर पर कैंसर का निदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस शिविर में स्थानीय निवासियों को कैंसर के लक्षण उसकी पहचान और रोग के प्रारंभिक निदान के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट के माध्यम से कैंसर की स्क्रीनिंग की। इसके साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अन्य महत्वपूर्ण जांचें भी प्रदान की गई।शिविर के आयोजन से असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक निदान सुनिश्चित करना था ताकि समय रहते उपचार किया जा सके। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव हरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक कर पा रहे है और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे है। कैंसर के मामले यदि प्रारंभिक चरण में पकड़े जाएं तो उन्हें ठीक करना संभव होता है।

## सांसद की पहल, स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन जारी रखने का निर्णय

**पलामू ।** हटिया -आनंद विहार अप-डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12873/12874 का परिचालन जारी रहेगा। रेलवे बोर्ड की ओर 2 दिसंबर से 10 जनवरी 2025 तक ठंड में कोहरे का बहाना बनाकर इस ट्रेन को बंद करने का निर्णय लिया गया था। इस मामले में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र लिखकर व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। सांसद ने कहा था कि इस ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें पलामू एवं गढवा के लोगों को मिलता है। देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज के लिए आने जाने के लिए उक्त ट्रेन सर्वोत्तम साधन है। सांसद ने कहा कि झारखंड के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं उत्तर प्रदेश के सोनभद्र आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिलों के छात्र-छात्राओं, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय 38 दिनों के लिए कम करना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पुराने और बेतुके निर्णय की परंपरा को समाप्त करने के लिए ही जाना जाता है। उक्त ट्रेन के परिचालन जारी रहने से यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। बुधवार को सांसद वीडी राम ने इस संबंध में जानकारी दी। सांसद ने इसके लिए रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।

## जरमुंडी पुलिस ने अवैध बालू लोड ट्रैक्टर किया जब्त

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत माछीटांड़ से भोंड़ाबाद जानेवाले मार्ग में ढड़वा पुल के समीप अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर को धर दबोचा। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से चोरी छिपे बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन दिन रात लगातार जारी है। बालू माफियाओं पर प्रशासन के तमाम सख्ती के बावजूद इन पर अंकुश लगाया जाना मुश्किल हो रहा हैं। बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना पर जरमुंडी सीओ के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई।जिसके बाद सीओ के दिशा निर्देश पर जरमुंडी पुलिस ने टेपरा नदी के ढड़वा घाट से अवैध उत्खनन कर गलत तरीके से बालू उठाव कर गंतव्य की ओर ले जा रहे बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सीओ के निर्देश पर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जरमुंडी थाना परिसर में जप्त कर रखा गया है एवं इस संदर्भ में विधि सम्मत कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) को पत्र लिखा गया है। अंचलाधिकारी के बयान पर अज्ञात ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के विरुद्ध बिना परिवहन चालान के खनिज का परिवहन एवं झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, झारखंड मिनिरल एक्ट को लेकर भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही गयी है।

## भारतीय रेलवे पर 1337 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के किया जा रहा है पुनर्विकसित

संवाददाता

**हाजीपुर ।** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' शुरू की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। अब तक भारतीय रेलवे पर इस योजना के तहत 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है, जिनमें 157 स्टेशन जिला मुख्यालयों में आते हैं। पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 97 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान तैयार करना और विभिन्न चरणों में उनका क्रियान्वयन करना शामिल है, ताकि स्टेशनों पर स्टेशन तक पहुंच में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म की सतह और प्लेटफॉर्म शेड का निर्माण, साफ-सफाई, मुफ्त वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान आदि सुविधाओं में सुधार हो सके । इस योजना में भवन में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों ओर से जोड़ना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान, आवश्यकतानुसार गिट्टी रहित ट्रैक आदि का प्रावधान, चरणबद्ध और व्यवहार्यता और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर का निर्माण करना शामिल है। इसके अलावा, भारतीय रेलवे पर स्टेशनों का उन्नयन/विकास/पुनर्विकास एक सतत और जारी प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य आवश्यकतानुसार किए जाते हैं, जो परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अधीन होते हैं। हालांकि, स्टेशनों के उन्नयन/विकास/पुनर्विकास के लिए कार्यों को मंजूरी देने और निष्पादित करते समय निम्न श्रेणी के स्टेशनों की तुलना में उच्च श्रेणी के स्टेशनों को प्राथमिकता दी जाती है। रेलवे परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृत/निष्पादित क्षेत्रीय रेलवे के अनुसार किया जाता है, न कि राज्य-वार, क्योंकि रेलवे की परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के पार हो सकती हैं।

## रामगढ़ में आरसी रूंगटा के प्लांट में दूसरे दिन भी दस्तावेज खंगालती रही जीएसटी टीम

संवाददाता



**रामगढ़ ।** आरसी रूंगटा के प्लांट में दूसरे दिन बुधवार को भी जीएसटी टीम की छापेमारी जारी रही। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्थापित झारखंड इस्पात, मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन प्लांट और आलोक स्टील प्लांट में जीएसटी टीम के अधिकारी फाइलों को खंगाल से रहे। हालांकि, इस दौरान किसी भी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। टीम ने ने प्लांट के प्रवेश द्वार पर ही सुरक्षा गार्ड बिठा दिया है। यहां तक कि प्लांट में आने वाली गाड़ियों को भी सड़क पर ही रुकना पड़ रहा है। अधिकारी प्लांट में होने वाले कार्यों से जुड़े हुए सभी दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। रॉ मटेरियल की खरीदारी से लेकर उत्पाद के बिक्री तक के दस्तावेजों को अधिकारियों ने कब्जे में ले लिया है। रामगढ़ शहर में जहाज कोठी के पास बनाए गए कार्यालय में भी टीम की जांच चल रही है।

## एयर राइफल खरीदने के लिए 3.17लाख रुपए का मिला चेक

**हजारीबाग ।** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बडकागांव निवासी नौरतन सृष्टि बाला को रायफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से एयर राइफल खरीदने के लिए चेक दिया। एयर राइफल को ऋय करने के लिए एनटीपीसी,पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के द्वारा सीएसआर मद से 3.17 लाख रुपए का चेक दिया गया।चेक वितरण के साथ साथ नौरतन सृष्टि बाला को एयर राइफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## सीएम की पहल पर मलेशिया से स्वदेश लौटेंगे झारखंड के 50 कामगार

संवाददाता



**रांची ।** झारखंड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 राज्य के कामगारों को वापस उनके घर और गांव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी कामगार 11 से 18 दिसंबर तक घर लौट आयेंगे। इसके लिए जरूरी कागजाती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चुनाव ने किया प्रभावित नहीं तो कामगार अबतक घर में होते झारखंडी कामगारों के मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर को प्राप्त हुई। बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है। साथ ही उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। मामले की जानकारी जब तक मुख्यमंत्री को हुई तब तक चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गया। इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी लेकिन चुनाव समाप्त होने और नई सरकार गठन के बाद अब कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ़ हो गया है। कुल 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखंड के हैं जबकि 20 दूसरे प्रदेशों के रहने वाले हैं। बकाया आठ महीने का वेतन मिला जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपये) का वेतन तय था लेकिन उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी।

## मंईयां सम्मान योजना में बरती जा रही लापरवाही : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंईयां सम्मान योजना में व्याप्त लापरवाही की ओर बुधवार को हेमंत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही कहा कि मंईयां योजना के भुगतान में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है।
मरांडी ने कहा कि पिछले दो दिनों से धनवार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहा हूं। इस दौरान धनवार प्रखंड के कोड़ाडीह, जगदीशपुर सहित एक दर्जन से भी ज़्यादा अन्य गांवों की अधिसंख्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। अधिकांश महिलाओं ने कहा कि वे मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वे अब तक वंचित हैं। कई पात्र महिलाओं के फॉर्म भरे ही नहीं गए हैं, जिसके कारण उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया है।
मरांडी ने कहा कि इसके अतिरिक्त वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन भी कई महीनों से लंबित है। राशन वितरण में भी भारी अनियमितता की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि धनवार विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के दूसरे इलाकों में भी विशेष शिविर का आयोजन कर मंईयां सम्मान योजना से वंचित सभी महिलाओं के फॉर्म भरे जाएं और उन्हें योजना का भुगतान ससमय दिया जाए।

# पलामू में जल जीवन मिशन में लापरवाही पर संवेदक को शोकॉज, छत्तरपुर के एसडीओ-जेई का वेतन रोका

वाददाता

**पलामू ।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत निमियां में चल रहे एमवीएस के कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने तय अवधि के अनुसार कार्य नहीं करने पर संबंधित संवेदक को शोकॉज किया।
समीक्षा में पाया गया कि इस योजना में कनीय अभियंता व सहायक अभियंता ने भी लापरवाही बरती है। दोनों अभियंताओं ने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया है। उपायुक्त ने दोनों अभियंताओं को भी शोकॉज करने को बात कही। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।
उपायुक्त ने छत्तरपुर में भी संचालित एमवीएस स्कीम का रिव्यू किया। इसमें पाया गया कि विभाग के जरिए एकरारनामानुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। जांच में संवेदक के जरिए कार्य करने वाले मजदूरों को पेमेंट भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कार्य लंबित है। इस मामले में भी डीसी ने संवेदक को शोकॉज करने की बात कही। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार संवेदक के साथ एकरारनामा रद्द करने पर भी विचार करने की बात कही। उन्होंने संबंधित सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक लगाने की बात कही।
इसी तरह उपायुक्त ने हरिहरगंज, तोलरा, मझिआंव में संचालित मल्टी विलेज स्किम की समीक्षा कर कई बिंदुओं पर निर्देश दिया।
इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत विभिन्न सहायक व कनीय अभियंता मौजूद रहे।

## विजन इलेक्ट्रॉनिक्स में भीषण आग, 90 लाख का नुकसान




संवाददाता

**रांची ।** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लालजी- हीरजी रोड स्थित विजन इलेक्ट्रॉनिक्स में बुधवार की शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि दुकान का सारा समान धूं-धूंकर जल गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि काफी दूर से आग दिख रहा था, आग की लपट के कारण कई लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। इधर आग लगने से लालजी-हीरजी रोड स्थित सभी दुकानों के व्यवसायियों में हड़कंप और अफरा-तफरी मच गयी। आसपास के दुकानदार अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने के बाद उन्होंने वायरलेस पर आग लगने की सूचना दे दी। उसके बाद धुर्वा, डोरंडा और आड्रे हाउस स्थित फायर स्टेशन से तीन फायर ब्रिगेड वाहन पहुंचा और आग पर काबू पाया। इस संबंध में दुकान के संचालक जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू ने कोतवाली थाना में आग लगने संबंधी आवेदन दिया है। बताया जाता है कि लगभग इस घटना में लगभग 90 लाख का नुकसान हुआ है। इस संबंध में जितेंद्र सिंह के भाई तपेंद्र सिंह ने बताया कि दुकान का शटर खोले ही थी कि आग लगने की जानकारी मिली। कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। उन्होंने बताया दुकान में बैटरी, कई इलेक्ट्रॉनिक्स के समान और फर्नीचर धूं-धूं कर जल गया। चुंकि पूरे दुकान में फाल्स सीलिंग का काम किया था, फॉल्स सीलिंग पूरी तरह जल गया। आग इतना भयानक था कि बगल के दुकान किचन चिमनी तथा मद्रास कॉफी हाउस का कुछ जल गया ।आग लगने के थोड़ी देर के बाद ही फायर ब्रिगेड वाहन पहुंची और आग पर काबू पाया।

## लोकसभा में गूंजा मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का मामला

संवाददाता

**पलामू ।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत मेदिनीनगर शहर में पेयजल की समस्या के निवारण के लिए कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से संबंधी महत्वपूर्ण मामले को उठाया।
सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य शहर मेदिनीनगर है, जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है और ये दोनों नदियां वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है लेकिन दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों बिल्कुल सूख जाती हैं तथा शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। इसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहां के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नहीं वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं डीप बोरिंग बेकार हो जाते हैं।
सांसद ने कहा कि पलामू जिला रैन शेडो एरिया में पड़ता है, जहां पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होती है। हमेशा सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है। साथ ही जलस्तर नीचे चला जाता है, जिससे पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है। जलस्तर को बनाये रखने के लिए कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाया जाए, ताकि दोनों नदी में हमेशा पानी मौजूद रहे। सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय से योजना क्रियान्वित करने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित की मांग की, जिससे गर्मी के दिनों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहे।

## हजारीबाग सांसद मनीष ने लोकसभा में उठाए रेलवे से संबंधित मुद्दे

**हजारीबाग ।** सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज बनकर सदन में रेलवे से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया। साथ ही सदन के माध्यम से केंद्र सरकार और रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने अमृत भारत स्टेशन को लेकर प्रश्न किया था। इसके जवाब के बाद उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का रेल नेटवर्क बहुत बड़ा है और जो विकसित स्टेशन है उसे और विकसित किया जा रहा है। सांसद जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग टाउन, बरही, कुजू, बड़काकाना, रामगढ़ और गोला सहित अन्य स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना से जोड़कर विकसित किया जाना चाहिए ।

## तन्नु वर्मा और फरहान अख्तर ने बनायी 26वीं ऑल इंडिया स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में जगह



**रांची ।** चतरा राइफल क्लब के प्रतिभाशाली शूटर तन्नु वर्मा और फरहान अख्तर ने 26वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह बना ली है। यह प्रतियोगिता 4 से 6 दिसंबर 2024 के बीच नालंदा, बिहार में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ी आज इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

प्रतियोगिता के इवेंट्स तन्नु वर्मा :10 मीटर वुमन एयर राइफल, फरहान अख्तर : 10 मीटर मैन एयर राइफल, चतरा राइफल क्लब के कोच नितीश कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा शूटरों के लिए अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर साबित करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की है और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चतरा राइफल क्लब पिछले कई वर्षों से उत्कृष्ट शूटर तैयार कर रहा है, जिन्होंने राष्ट्रीय और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं मेडल जीतकर जिला और राज्य का नाम रौशन किए है । तन्नु वर्मा और फरहान अख्तर के प्रदर्शन को लेकर बड़ी उम्मीदें हैं। झारखंड और चतरा राइफल क्लब को विश्वास है कि दोनों खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में मेडल जीतकर क्षेत्र और क्लब का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## सरला बिरला विवि में साइबर सुरक्षा पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस के अवसर पर आज एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि झारखंड की पूर्व डीजी श्रीमती निर्मल कौर ने आज के दौर में साइबर सुरक्षा के बढ़ते मामलों के प्रति आगाह करते हुए इससे उपजे रैनसमवेयर, फिशिंग और स्पूफिंग के प्रति जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग व्यक्तिगत और संवेदनशील सूचनाएं एक-दूसरे से साझा करते हैं, जिससे बचना चाहिए। साथ ही विश्वस्तरीय एंटीवायरस के इस्तेमाल, और इंटरनेट से जुड़े माध्यमों की रोजाना मॉनिटरिंग भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने संवेदनशील लिंक पर क्लिक करने और ओटीपी तथा पिन की जानकारी साझा करने की प्रति भी सचेत किया। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक माननीय प्रो. गोपाल पाठक ने साइबर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए आज दुनिया में इसके बढ़ते खतरे के प्रति उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर करीबी नजर रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम लगायी जा सके। इस अवसर पर विवि के माननीय प्रभारी कुलपति श्रीधर डांडीन, कुलसचिव प्रो. वी. के. सिंह, डीन डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. बी. सामंता, डॉ. प्रियंका, डॉ. मेघा, डॉ. दीप्ति एवं आनंद विश्वकर्मा एवं अन्य शिक्षकगण एवं विवि के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## ओरमांझी फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**रांची ।** ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित बिरसा जू के पास हुई फायरिंग मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम जिशान शेख उर्फ रिक्की है। वह कांके के सुकरहूटू का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित बिरसा जू के पास 22 नवंबर की शाम दो युवकों को गोली मारी गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के अनुंसधान के क्रम में यह बात सामने आयी कि गोली बारी की घटना की साजिश जेल में बंद अपराधी सुजीत सिन्हा के जरिये रची गई थी। मामले में पुलिस ने तकनीकी शाखा के सहयोग से जिशान शेख नाम का अपराधी को गिरफ्तार किया। मामले में गिरोह के अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

## पत्नी गई थी मायके, पति ने की खुदकुशी

**पलामू ।** जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के चौपरिया गांव में पत्नी के मायके जाने के बाद घर में अकेले रह रहे पति ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान सुरेश सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुरेश काफी शराब का सेवन करता था। बिना किसी विवाद के नशे में आत्महत्या कर लेने की चर्चा है। बुधवार को एमआरएमसीएच में युवक की शव का पोस्टमार्टम किया गया। रामगढ़ के थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने बताया कि चौपरिया गांव में सुरेश सिंह नामक व्यक्ति के जरिये सुसाइड कर लेने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम भेजकर शव एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय वह घर पर अकेला था। पत्नी मायके गयी थी।

## पुलिस ने अज्ञात शव किया बरामद

**कोडरमा ।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुखाडी स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप बुधवार को अज्ञात शव बरामद किया गया। शव के देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने फौरन पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद चंदवारा थाना के एस आई रितेश कुमार दल बल के साथ जाकर उक्त शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों में हर हाल में लगाएं सीसीटीवी कैमरा : डीसी

**बोकारो ।** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट पर जिला सलाहकार समिति के साथ बैठक की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से हर बिंदुओं पर जानकारी ली और जिले के सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों में सीसीटीवी कैमरा हर हाल में लगाने का निर्देश दिया। टीम से कहा कि क्लिनिक संचालकों से इसे एक सप्ताह में सुनिश्चित कराएं। साथ ही क्लिनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का नाम, उपस्थित रहने का समय समेत पूरा विवरण रहना चाहिए। बिना वैध पहचान पत्र के कोई भी अल्ट्रासाउंड नहीं चलेगा।

## ज्वलंत समस्याओं का हल जरूरी है

आजादी पूर्व के जननेताओं की राजनीति और वर्तमान राजनीति में जमीन-आसमान का अंतर है। तब देश के ज्यादातर नेता आजादी को मुख्यउद्देश्य मानकर राजनीति करते थे। ऐसा करते हुए हमारे नेतागण तब अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मों-सितम का शिकार होते थे, गोलियां खाते थे या फिर जेल जाया करते थे। इससे उलट आज की राजनीति स्वयं व पार्टी के वर्चस्व को कायम रखने पर केंद्रित होती दिखाई देती है। आजादी के 77 वर्ष बाद भी गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले राजनीतिक रोटियां सेंकने के काम आ रहे हैं। किसान अपने हालात सुधारने जी-जान से प्रयास करते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से गुहार भी लगाते हैं। ऐसे में जब उनकी सुनवाई नहीं होती तो वो दिल्ली कूच कर, देश और दुनियां का ध्यान अपनी ओर खींचते नजर आते हैं। मतलब साफ है कि किसानों के मुद्दे पर भी राजनीति होती है और मामला जस का तस खड़ा किसानों को मुंह चिढ़ाता दिखता है। इस सियासी माहौल में मंदिर-मस्जिद मामलों को गरमाने का भी काम बदस्तूर जारी है। उत्तर प्रदेश इसका केंद्र बना हुआ है। अयोध्या राम जन्म भूमि के बाद अब संभल जामा मस्जिद सर्वे पर जो हिंसा हुई है, उसने सभी को हिला कर रख दिया है। इस हिंसा में जहां पांच लोगों ने अपनी जान गंवा दी वहीं शांति बहाली के लिए तैनात पुलिसकर्मी भी बड़ी संख्या में घायल हो गए। हिंसा और पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और मातम का माहौल होने की बात कही जा रही है। इसी बीच कुछ विपक्षी नेताओं ने संभल जाने और हालात का जायजा लेने के साथ ही दुखियों के आंसू पोंछने और उन्हें ढांढस बंधाने की बात कही, जिसे सरकार व प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया।

यहां मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी संभल जाने के लिए काफिले के साथ निकल पड़ते हैं। ये नेता हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनके दुःख-दर्द को साझा करना चाहते हैं, उन्हें संबल देना चाहते हैं, लेकिन इससे पहले उनके काफिले को प्रशासन ने गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया। इस पर राजनीति शुरु हो गई जहां एक तरफ राहुल समर्थकों के बयान आए वहीं समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव कहते सुने गए कि कांग्रेस पार्टी संसद में तो संभल मुद्दा उठा नहीं रही है और राहुल गांधी संभल जा रहे हैं, इसे अब क्या कहा जाए? कांग्रेस औपचारिकता निभा रही है और पुलिस उन्हें जाने नहीं देगी। अब इन्हें कौन बताए कि इससे पहले तो खुद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल जाने को आतुर था। सपा अध्यक्ष व सांसद और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संभल का दौरा करना चाह रहा था, लेकिन वह भी कामयाब नहीं हुआ। इसके बाद अब राहुल और प्रियंका ने यह कदम उठाया है। इस पर कांगेस नेता जयराम रमेश का बयान आता है कि राहुल और प्रियंका को संभल नहीं जाने देना तानाशाही है, जबकि वहां जाना हमारे नेताओं का संवैधानिक अधिकार है। इसी तरह की बात अखिलेश यादव भी कर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म में एक पोस्ट करते हुए कहा था कि संभल जाने पर प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। इस पोस्ट में एक महत्वपूर्ण बात यह कही गई है कि यह प्रतिबंध यदि सरकार उन लोगों पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द्र-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन



**– रमेश शर्मा**

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाव बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं। हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुईं इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं।

**कट्टरपंथी संगठन चला रहे बांग्लादेश की सरकार**

बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था। वहीं, जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों को तोड़ने की खुली घोषणा कर रखी है। जमात-ए-इस्लामी के बारे में माना जाता है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करता है और इसका नेटवर्क भारत में भी है। जबकि जमात-उल-मुजाहिदीन पूरे बांग्लादेश में फैला है। बताया जाता है कि इस संगठन में दस हजार लड़ाके और एक लाख से अधिक कट्टरपंथी जुड़े हैं। इससे जुड़े लोगों में आधुनिक उच्च शिक्षित युवाओं से लेकर धर्मगुरु तक शामिल हैं।

इस संगठन ने एक ऐसी विंग बना रखी है जिसके सदस्य अलग-अलग राजनीतिक दलों और एनजीओ में जुड़े हैं। इस संगठन के बारे में यह भी कहा जाता है भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर करने के लिये भारत में ड्रग्स और नकली नोटों का कारोबार भी करता है। इन सभी संगठनों के लोग खुलेआम सड़कों पर देखे जा रहे हैं और हिन्दुओं पर हमलों के लिये उकसा रहे हैं।

**कट्टरपंथियों को चीन का भी समर्थन**

जिस प्रकार भारत में वामपंथी संगठन सनातन पर हमला करने वालों को समर्थन देते हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश में सक्रिय कथित वामपंथी संगठन और साम्यवादी चीन भी इन कट्टरपंथियों का खुल कर समर्थन कर रहा है। पिछले दिनों बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन ने ढाका में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया इसमें बंगलादेश के सभी इस्लामिक संगठनों को आमंत्रित किया। इनमें अधिकांश वे थे, जिनके हिन्दुओं पर हमला करने के लिये उकसाने वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें एक प्रमुख नाम बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफिकुर्रहमान का है। हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को जमात-ए-इस्लामी जुड़े लोगों का हाथ भी माना जाता है। यह संगठन पाकिस्तान समर्थक है। शेख हसीना की सरकार ने इसपर बैन लगा दिया था। यूनुस सरकार ने पदभार संभालते ही जमात-ए-इस्लामी सहित मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे उन सभी कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटा लिया जिनपर पिछली सरकार ने प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन द्वारा ढाका में बुलाये गये सम्मान समारोह में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी बैठक में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को चीन यात्रा का निमंत्रण दिया गया। यह निमंत्रण चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से था। यह निमंत्रण पर बांग्लादेश से इस्लामिक संगठनों का चौदह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा पर रवाना हो गया। जो इसी सप्ताह लौटने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय नायब-ए-अमीर और पूर्व संसद सदस्य सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त इसमें खलीफा मूवमेंट, खलीफा काउंसिल, इस्लामिक ऑर्डर पार्टी के प्रमुख सदस्य भी शामिल हैं। बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी तथा इस्लामिक संगठनों के प्रतिनिधियों को पहली बार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने आमंत्रित किया है। इससे पहले पिछले बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा करके लौटा है। इस प्रतिनिधिमंडल को भी चीन की सत्ता रूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने ही आमंत्रित किया था ।

**भारत के लिये नई चुनौती**

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ये हमले केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहने वाले। ये भारत के लिये नई चुनौती की दस्तक दे रहे हैं। जिन आतंकी संगठनों के इशारे पर बांग्लादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है उनमें से कुछ का गुप्त नेटवर्क भारत में भी है, दूसरा इन संगठनों को चीन का भी समर्थन है। बांग्लादेश के कथित छात्र आंदोलन की तरह भारत में शासन व्यवस्था को भीड़ तंत्र में बदलने के प्रयास होने लगे हैं। जिस प्रकार बांग्लादेश पाकिस्तान और चीन से हथियार एकत्र कर रहा है, वह भी साधारण नहीं है। इसे देखकर न केवल भारत सरकार अपितु भारत के प्रत्येक सामान्य जन को अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है।(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## पाकुड़ की खबरें

## अतिक्रमण को लेकर लिट्टीपाड़ा अंचल प्रशासन ने की मापी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**हिरणपुर (पाकुड़)।** अतिक्रमण को लेकर लिट्टीपाड़ा अंचल प्रशासन के द्वारा बुधवार को हिरणपुर बाजार के मुख्य सड़क की भूमि की सघन मापी की गई। अंचलाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर अंचल निरीक्षक अनिल पहाड़िया , राजस्व कर्मचारी लक्ष्मी देहरिन व सरकारी अमीन एम हुसैन के द्वारा मापी कार्य को किया गया। मापी कार्य नामोपाड़ा वन विभाग कार्यालय से बाजार के मुख्य सड़क होते हुए सुभाष चौक तक की मापी की गई। जहां सड़क के दोनों ओर स्थित दुकान व आवासीय स्थलों पर मापी के बाद निर्धारित भूमि को चिन्हित करते हुए अंकित किया गया। बाजार के मुख्य सड़क किनारे काफी संख्या में दुकानें है। जो वर्षो से जस की तस स्थिति में है। इसके अलावे भी कई नई दुकाने भी बनी है। अंचल कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार बाजार के सड़क की चौड़ाई अधिकांश जगहों पर करीब 80 फिट है। इससे सहज ही आकलन किया जा सकता है कि बाजार में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण की गई है। उधर बाजार के मुख्य सड़क के दोनों ओर वर्षो पूर्व निर्मित पक्की नाली जर्जर होने के कारण सड़क में ही पानी बह रही है। जिससे सड़क की स्थिति जर्जर बन चुकी है। इस सम्बंध में अंचल निरीक्षक ने कहा कि बाजार के दोनों ओर की नाली काफी जर्जर स्थिति में है। जिसका निर्माण कार्य भी होना है। इसको लेकर बाजार के मुख्य सड़क की मापी की जा रही है। इसमें यदि अतिक्रमण पाए जाने पर सम्बन्धित दुकानदारों को नोटिश की जाएगी । इसके बाद ही अतिक्रमण मुक्त को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल अतिक्रमण को लेकर इसके पूर्व भी कई बार कागजी कार्रवाई हो चुकी है।

## जागरूकता के लिए पल्स पोलियो टीम रवाना



**पाकुड़।** रविन्द्र भवन टाउन हॉल परिसर से बुधवार को पल्स पोलियो अभियान को सफलता के लिए उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रुप से दो टोटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टोटो सभी प्रखंड के सभी पंचायतों में भ्रमण करेगी। टोटो के माध्यम से 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

## पति द्वारा मारपीट को ले पत्नी ने पति के खिलाफ थाना में कराया मामला दर्ज

**महेशपुर( पाकुड़ )।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर सिनेमा हॉल बाजारपाड़ा में एक 40 वर्षीय महिला को पति द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। वही मारपीट करने को लेकर पीड़ित महिला राखी मंडल ने अपने पति जयन्त कुमार मंडल के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराई है। वादिनी ने थाने में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि उसकी शादी महेशपुर- अमृतपुर गांव निवासी जयन्त कुमार मंडल के साथ हुई है।वर्तमान में सपरिवार महेशपुर सिनेमा हॉल बाजारपाड़ा में रहती हूं, पीड़िता ने बताया है कि उसके पति जयन्त कुमार मंडल महेशपुर- कैराछत्तर गांव की महिला सोनाली हेम्ब्रम के साथ अवैध संबंध चला रहा है। जिसका मैं विरोध कर रही हूं तो मेरे पति द्वारा मुझे मारपीट व गला दबाते हुए कह रहा है कि चुप रहो नहीं तो जान से मार देंगे। वही मेरे पति जयन्त कुमार मंडल ने उक्त महीला को मेरे घर लाने लगे और मुझे घर से बाहर कर देते थे। बीते 01 दिसंबर 2024 को रात के 9 बजे मेरे पति ने सोनाली हेम्ब्रम को घर लाया और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए दूसरे दिन अहले सुबह भी पति के द्वारा गाली गलौज की गई। वही बीते 03 दिसंबर को अपने घर अमृतपुर गांव चली गई। जब 04 दिसंबर को महेशपुर अपने घर लौटी तो मेरे पति ने दोबारा गाली गलौज करते हुए डंडे से मार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। पीड़िता के लिखित शिकायत के आधार स्थानीय थाने में आरोपी जयन्त कुमार मंडल के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई है।

## ब्लड बैंक में श्री सत्य साइ संगठन ने किया रक्तदान

**पाकुड़।** प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती महिला को रक्त की काफी आवश्यकता थी। महिला के परिजन ने श्री सत्य साइ सेवा संगठन के अध्यक्ष डॉ देवकांत ठाकुर से अपनी समस्या रखी। श्री सत्य साईं सेवा संगठन पाकुड़ ने मंगलवार को एक यूनिट्स एवं बुधवार को। 2 यूनिट्स रक्त दान ब्लड बैंक पाकुड़ में किया । ताकि किसी जरूरत मत इंसान को और रक्त की कभी पूरी किया जा सके।

## समन्वय बनाकर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारें: डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** बुधवार को पाकुड़ के रविन्द्र भवन टाऊन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए संबंधित कर्मियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसका उद्घाटन जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं मुखियाओं की उपस्थिति में उपायुक्त पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिवालय प्रतिदिन खुले और पंचायत कि लोगों को इसका लाभ मिले।अपर




समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आपदा एवं दुर्घटना में लोगों को मिलनेवाली सरकारी सुविधाओं एवं मुआवजा की जानकारी दी। शीतलहरी को ध्यान में रखते हुए सभी अंचल तथा नगर परिषद के द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था के बारे में बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडियस बाड़ा ने बताय की आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली शिक्षा, सुविधा एवं सेवा लाभ के बारे में बताया।

उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना तथा मातृ वंदना के तहत महिलाओं को लाभ दिए जाते हैं।जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि किसानों का निबंधन सर्वप्रथम धान अधिप्राप्त करने से पूर्व किसानों को उपार्जन साईट पर निबंधन होना अनिवार्य है। किसानों से धान की अधिप्राप्ति होने के उपरात 48 घंटे के अन्दर सरकार द्वारा निर्धारित किये गये समर्थन मूल्य का 50त्न की राशि का भुगतान किया जाता है। समर्थन मूल्य 2300 रूपए प्रति क्विंटल होगा।उप विकास आयुक्त, महेश कुमार संथालिया ने बताया कि अबुआ आवास में पाकुड़ राज्य में अव्वल हैं तथा मनरेगा में तीसरे पायदान पर है उसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी हम पहले पायदान पर आने के लिए सुनियोजित रूप से कार्य करें।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि महिलाओं/बालिकाओं के कानूनी प्रावधानों जैसे-शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में जानकारी दिए तथा बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया के दुष्प्रयोग से बचने आदि, मुद्दों पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध से लोगों को सतर्कता बरतने के उपाय बताए।

## किराना दुकान में आग लगने से करीब 1 लाख की संपत्ति जलकर स्वहा

हिरणपुर (पाकुड़ ) फुटबॉल मैदान के समीप हटिया स्थित एक किराना दुकान में मंगलवार रात को आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। घटना को लेकर हिरणपुर सीओ मनोज कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, परन्तु आग पर काबू नहीं पाया गया। जिसके बाद दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हिरणपुर हटिया में स्थित पवन साह के किराना दुकान में रात करीब साढ़े 9 बजे आग लग गई। आसपास के लोगों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया परन्तु आग की लपटें तेज़ होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया गया। जिसके बाद अग्निशामक वाहन को इसकी जानकारी दी गई। करीब आधे घंटे बाद दमकल के द्वारा आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान की सभी जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा कि कुछ बंजारों के द्वारा दुकान के समीप अलाव जलाकर बैठा गया था। जिसके कारण अगलगी की घटना हुई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार अगलगी की घटना में करीब एक लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## नियम उल्लंघन करनेवाले वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में नियम कानून को सुरक्षित करने के उद्देश्य से पाकुड़ थाना क्षेत्र के मालपहाड़ी, हिरनपुर-महेशपुर, कोटालपोखर के सड़क मार्गों पर विशेष अभियान चलाकर इन सड़कों पर चलने वाले 29 व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान लाप्रवाही के मामले सामने आए हैं। कई वाहन नो एन्ट्री, ओवर लोड, बॉडी अल्टरेशन और अन्य उल्लंघनों में शामिल पाए गए। सभी 29 वाहनों से जुर्माने के रूप में ऑनलाइन 1,98,185 रुपए वसूले गए। उन्हें इ-पॉस मशीन से ऑन लाइन चालान निर्गत किया गया। जिला अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ ने जिला के सभी वाहन स्वामी और चालकों से अपील की है कि वे जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित समयानुसार नो एन्ट्री, अवैध परिवहन, वाहन बॉडी अल्टरेशन न करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई वाहन स्वामी या चालक इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो उन्हें अतिरिक्त दंड की राशि वसूलने के साथ-साथ जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान, दिलायी शपथ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** बुधवार को सड़क सुरक्षा टीम पाकुड़ द्वारा राज प्लस टू विद्यालय में में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया । बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल व नशा का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा गाड़ी की चाल तय सीमा में होनी। इससे हमारी और आपकी जान सुरक्षित रहेगी। रोड क्रॉस करते समय ज़ेबरा क्रॉसिंग एवं सिग्नल का सही इस्तेमाल करना चाहिए। जहां सिंगल का प्रयोग नहीं है वहां पर सावधानी से दाएं बाएं देखकर ही रोड पार करना चाहिए। तेज रफ्तार गाड़ी हमेशा दुर्घटना का शिकार होता है। यातायात नियम का कड़ाई से पालन हेतु छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। इसके साथ हिट एंड रन एवम नेक नागरिक के बारे मे अवगत कराया गया । बताया गया कि सही समय में मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन अवर में अस्पताल पहुचाने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु दो हजार रूपये नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। यदि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं,ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है ।उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु के साथ प्रशस्ति पत्र दी जा सके। इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में बिस्तर पूर्वक बतलाया गया किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर दो लाख एवम गंभीर रूप से घायल होने पर पचास हजार का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटर यान निरीक्षक पाकुड़ श्री अमित कुमार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह , रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट मोहम्मद अजहद अंसारी सूचना प्रौद्योगिकी सहायक अमित कुमार राम विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गढ़ उपस्थित रहे ।

## ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सुमित मैन ऑफ द मैच घोषित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़ । झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा गुमला एवं लातेहार में चल रहे अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पाकुड़ जिला क्रिकेट टीम ने लीग ग्रुप के अंतिम मैच में सरायकेला-खरसाँवा को 10 विकेट से पराजित किया । इस जीत में पाकुड़ जिला क्रिकेट टीम के कप्तान सुमित सिंह ने अहम भूमिका निभाई । सुमित सिंह ने हरफ़नमौला खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने कोटा के निर्धारित 8 ओवर मे 12 रन देकर 4 विकेट हासिल किया और सरायकेला-खरसाँवा की टीम को 77 रन पर समेट दिया । वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने सुमित सिंह के नाबाद 54 रनों की पारी के बदौलत सरायकेला-खरसाँवा पर 10 विकेट की बड़ी जीत हासिल की । सुमित को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए ÷मैन ऑफ द मैच÷ घोषित किया गया । सुमित ने अपने लीग मैच मे कोडरमा के खिलाफ 76,जमशेदपुर के खिलाफ 22 ,हजारीबाग के खिलाफ 114,जामताड़ा के खिलाफ 39 एवं सरायकेला -खरसाँवा के खिलाफ नाबाद 54 रनों (एक शतक और दो अर्धशतक)के साथ कुल 305 रन बनाए एवं 7 विकेट हासिल किया,सुमित के शानदार प्रदर्शन पर क्रिकेट खिलाड़ियों एवं खेल प्रशंसकों मे खुशी व्याप्त है ।

## बांग्लादेश के खिलाफ आज होगी हिंदू हुंकार रैली

पाकुड़। बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार की घटना के विरोध में 5 दिसम्बर 2024 को पाकुड़ रेलवे मैदान से सिद्धो- कान्हो पार्क तक प्रातः 10ः00 बजे हिंदू हुंकार रैली का आयोजन किया गया है। रैली का उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ उठाना और उनके अधिकारों के समर्थन में खड़ा होना है। सर्व सनातन समाज ने कहा है कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने धर्म, संस्कृति, और समाज की रक्षा करें। इस रैली के माध्यम से हम एक सशक्त संदेश देंगे कि हिंदू समाज अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट है और अपने अधिकारों के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। संस्था ने पाकुड़ वीडियो से अनुरोध किया है की न्याय और धर्म की रक्षा के पुनीत कार्य में आप सहभागी बनें।

## कड़ी सुरक्षा के बीच रेलवे कर्मचारियों का चुनाव संपन्न

**पाकुड़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रेलवे कर्मचारी संगठन की मान्यता संबंधी चुनाव कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रेलवे प्लेटफार्म संख्या एक पर कालिदास हिंदी पुस्तकालय को पोलिंग बूथ में प्रातः 8ः00 बजे से प्रारंभ किया गया। पीठासीन पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता अजीमगंज विजय शंकर , सुरक्षा व्यवस्था रेल प्रशासन जिम्मे में लगाई गई । ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि इस चुनाव भारत सरकार के नेतृत्व चलाया जा रहा है, जिसमें ईस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन , ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस, ईस्टर्न रेलवे तृणमूल कांग्रेस एवं पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ कुल पांच श्रमिक संगठन भाग ले रहे हैं। चुनाव 4, 5 एवं 6 दिसंबर तक चलेगा ।इस चुनाव में जिस संगठन को 35त्न मत प्राप्त होगा ,वही श्रमिक संगठन को मान्यता मिलेगी । नलहटी से लेकर गुमानी तक सभी विभाग के कर्मचारियों का रुझान ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन की तरफ है । श्री झा ने बताया कि 90त्न रेल कर्मचारी ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के पक्ष में मतदान करेंगे । ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन की ओर से पोलिंग एजेंट के रूप में अमर कुमार मल्होत्रा तथा गौतम यादव एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस की ओर से अजीत पाल कार्यरत दिखे ।पाकुड़ बूथ संख्या 28 पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस में ही टक्कर देखी जा रही है । मौके पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अखिलेश चौबे , रामकुमार यादव निलेश प्रकाश अरुण कुमार शाह भगवत शर्मा कुंदन कुमार सिंह अमित कुमार भगत, बम बम ठाकुर श्यामल कुमार माल प्रीतम कुमार मंडल गुंजन कुमार ,सुमन घोष इत्यादि सक्रिय दिखे।

## अवैध रूप से भंडारण बालू को एसडीओ किया जब्त

**हिरणपुर( पाकुड़ )** गुप्त सूचना के आधार पर सिविल एसडीओ साइमन मरांडी द्वारा थानाक्षेत्र के रानीपुर सड़क किनारे अवैध रूप से भंडारण किये गए बालू के विरुद्ध छापेमारी की गई है। इस दौरान उनके साथ जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, एसडीपीओ डी एन आजाद, प्रभारी थानाध्यक्ष आर डी सिंह आदि मौजूद थे। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल द्वारा पाया गया कि रानीपुर सड़क के दोनों किनारे भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण किया गया। जिसका किसी प्रकार का चालान किन्ही के द्वारा नहीं प्रस्तुत किया जा सका। जिसपर कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल द्वारा करीब 15 ट्रैक्टर बालू को जब्त किया गया। इस बाबत सिविल एसडीओ ने बताया कि सूचना मिली थी कि बालू का अवैध रुप से भंडारण किया गया है। जिसपर कार्रवाई करते हुए उक्त बालू को जब्त किया गया। बालू का भंडारण करना अवैध है इसपर आगे भी कारवाई जारी रहेगी।

# आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं को तय समय के अनुरूप करे पूर्ण : डीसी

## एम्स की सुविधाओं व व्यवस्थाओं को सुलभ व सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**देवघर ।** उपायुक्त की अध्यक्षता में एम्स प्रबंधन को जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाने वाली विभिन्न व्यस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति,जलापूर्ति, अग्निशमन व्यवस्था,एम्स परिसर हेतु यातायात की सुविधा,एम्स के हस्तांतिरत जमीन की घेराबंदी,एम्स के आसपास प्लान्ड डेवलपमेंट, सुरक्षा व्यवस्था के साथ विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि एम्स को आवश्यकता अनुसार रोजाना 07 लाख लीटर जलापूर्ति मुहैया कराया जा रहा है और आने वाले समय में एम्स की अधिकतम आवश्यकता को देखते हुए 30 लाख लीटर रोजाना पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही एम्स प्रांगण में अग्निशमन व्यवस्था की सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अग्निशमन वाहन एवं अग्निशमन विभाग से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है, ताकि आवश्यकतानुसार व्यवस्था एम्स प्रांगण में सुनिश्चित की जा सके। आगे उपायुक्त ने एम्स के नजदीक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु सरकारी भवन चयनित करने का उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया। साथ ही विद्युत सर्वे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रस्ताव को भेजने के पश्चात किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने एम्स से जुड़े यातायात सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जसीडीह रेलवे स्टेशन से एम्स तक वाहनों की व्यवस्था के अलावा एम्स परिसर एम्स परिसर तक अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से आवागमन की सुविधा, किराया एवं अन्य यातायात से जुड़ी व्यवस्था को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने एम्स परिसर हेतु हस्तांतरित भूमि को सुरक्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने निदेश दिया।

**DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF DISTRICT AGRICULTURE OFFICER, DUMKA.**
**Email- daodumka69@gmail.com**

**"SHORT NOTICE RE INVITING EXPRESSION OF INTEREST"**

EOI Reference no.- DAO/DUMKA/2024-25/RE-02 Dated:- 04.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | " NOTICE RE INVITING EXPRESSION OF INTEREST FROM REPUTED FIRM/ SELF HELP GROUP/ WOMENS GROUP/FARMERS GROUP/ CO-OPERATIVES/ NGOs FOR ESTABLISHMENT AND OPERATION OF AGRI CLINIC AT ATIC CENTRE DUMKA, BLOCK CAMPUS DUMKA . |
| 2 | Contract Period | 1 Year. |
| 3 | Estimated Quantity & Cost (Rs.) | 7 Lakh |
| 4 | Tender Form Cost | Rs. 1000/- |
| 5 | EMD Amount | Rs. 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on website (atmadumka.co.in & dumka.nic.in) | 07-12-2024 |
| 7 | Document Download Period | 07-12-2024 to 22-12-2024 (up to 10:00 AM) |
| 8 | Submission Period of Hard Copy of EOI BID Document at District Agriculture Office, Joint Agriculture Building, Khunta Bandh Dumka, Pin Code- 814101 | 07-12-2024 to 22-12-2024 (up to 11:00 AM) |
| 9 | Bid Opening Date | 22-12-2024 (03:00 PM) |
| 10 | Opening Place | Joint Agriculture Building, Khunta Bandh Dumka, Pin Code- 814101 |
| 11 | Name/ Address of the Officer Inviting the Tender | Name- Sri Satya Prakash, District Agriculture Officer, Dumka. Address- Joint Agriculture Bulding, Khunta Bandh Dumka, Pin Code- 814101, Mobile No- 8434701274, E-mail Id- daodumka69@gmail.com |

Further details can be seen on website- atmadumka.co.in & dumka.nic.in

S/d
(Satya Prakash)
District Agriculture Officer, Dumka.

PR 341161 (Agriculture) 24-25 (D)

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया गया



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को राजकीय कृत आदर्श +2 उच्च विद्यालय, लखोरिया,सरवां,देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा,लकवा,श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया।विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमे बतलाया गया की तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में बिस्तर से बताया गया।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया,साथ ही साथ बच्चों के बीच तम्बाकू निषेद पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे प्रियंका कुमारी,अस्फाक आलम,राधिका कुमारी एवं अन्य पांच को एनसीडी कोषांग, देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया। तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई.कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यशाला में स्कूल के प्रचार्य कविता कुमारी शिक्षकगण-धनञ्जय कुमार झा, जयप्रकाश नारायण एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी,विजय सिंह एवं अन्य शामिल थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई



**मोहनपुर ।** नकटी के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव को सेवानिवृत्त होने के बाद बुधवार को विदाई दी गई। शिक्षकों ने विदाई समारोह में अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक काफी भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में सेवा के इस दौरान साथी शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों का भरपूर सहयोग मिला। विभिन्न विद्यालय आए शिक्षकों ने उसकी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ट एवं स्वच्छ छवि का शिक्षक बताया। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई की बात हो, शिक्षक को किस तरह समस्या की हो सभी पहलू में अहम भूमिका निभाते थे। विद्यालय परिवार उनके कार्य को सदैव याद रखेगा उनके कुशल कार्य क्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। बंका हाई स्कूल के प्राचार्य रामायण शर्मा, शिक्षक हेमलाल सिंह, कार्तिक पोद्दार, नीलाश अग्रवाल, शिक्षिका रीता देवी,बंका पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार यादव, सहित छात्र-छात्रा व ग्रामीण अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित थे।

## सलाम भारत के चौथे संस्करण की बैठक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्टेशन रोड स्थित आर एन बोस लाइब्रेरी में,22वें देवघर पुस्तक मेला के दौरान हो रहे सलाम भारत के चौथे संस्करण की बैठक आहूत की गई,जहां कार्यक्रम में हो रहे लघु नाटिका और अलग - अलग कार्यक्रमों के लिए पात्रों के चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई।इस बैठक की अध्यक्षता देवघर पुस्तक मेला के मेला व्यवस्थापक पवन टमकोरिया ने की। टमकोरिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सलाम भारत के इस चौथे संस्करण को बेहद प्रसिद्धि मिले इसकी कामना की और अभी प्रतिभागियों का मनोबल भी बढ़ाया।पात्र चयन के दौरान देवघर पुस्तक मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रामसेवक गुंजन ने कहा कार्यक्रम की रूप - रेखा बता रही है, की ये अब तक सबसे बेहतरीन संस्करण होने वाला है,वहीं सलाम भारत के निर्देशक मनीष पाठक ने सभी पात्रों से समय पर अभ्यास के लिए आने का अनुरोध कर अभी पात्रों को अपने दिये गए चरित्र को जीवंत करने का कई टिप्स भी साझा किये।पात्रों का चयन गुंजन, कार्यक्रम के निर्देशक पाठक और कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने आपसी सहमति से किया।इस बैठक के दौरान कार्यक्रम से जुड़े कई गणमान्य सदस्य रामसेवक गुंजन, सचिन मिश्र, अतिकुर रहमान, राकेश राय, पार्थो मुखर्जी, प्रशांत कुमार सिन्हा, पवन टमकोरिया,सुनील विश्वकर्मा, विजया सिंह,पूनम प्रकाश सिंह, पुष्पा सिंह, बबीता पोद्दार, अभिषेक सूर्य, बापी दा, डॉ विजय शंकर, डॉ प्रणय कुमार, शिवांगी शर्मा, ज्ञानदीप नरोने, डॉ चेतना भारती, डॉ इति,सोमेश पंडित सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## मास्टर ट्रेनरों का गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**देवघर।** झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर (समग्र शिक्षा अभियान) के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का विद्यालय प्रबंधन समिति से संबंधित दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण 3 दिसंबर एवं 04 दिसंबर को आर. मित्रा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय के सभागार संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवघर के पत्रांक एसएसए/1873, 30 नवंबर के निदेशानुसार यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में देवघर जिला शिक्षा अधीक्षक मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मधुकर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रबंधन समिति की भूमिका शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सबसे अहम है और उनकी भागीदारी से ही शिक्षा व्यवस्था सुचारू ढंग से चल सकता है । कार्यक्रम के दौरान एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप सभी बीआर पी/सी आर पी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कीजिए और अपने तरफ़ से भी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में विभाग को सहयोग दीजिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानू बोस एपीओ एवं आभा कुमारी ने किया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में रानू बोस, डॉ.परशुराम तिवारी, डॉ. इति कुमारी,श्वेता शर्मा, छोटेलाल दास,मनीष कुमार वर्णवाल,धनंजय कुमार,रोहित कुमार ,सरोज कुमार,समेत डायट संकाय सदस्य शोभा कुमारी, रीना कुमारी,अनुभूति एवं परियोजना कर्मी उपस्थित रहे।

## बाबा मंदिर कल्याण कोष व बाबा मंदिर कम्युनिटी किचन को सुदृढ़ बनाये : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बाबा बैद्यनाथ मंदिर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित जलार्पण व बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था के अलावा आने वाले नव वर्ष एवं पर्व त्यौहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जाने वाले कार्यों, शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण में भीड़ व्यवस्थापन, क्राउड मैनेजमेंट व अतिक्रमण को लेकर मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने बैठक के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया। आगे अतिक्रमण के अलावा बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई व कचड़ा उठाव की बात कही, ताकि सही मायने में बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। आगे उपायुक्त ने मुख्य रूप से भक्तों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छोटे से छोटे कार्यों को ध्यान देने, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने एवं आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ करने के अलावा अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।इस दौरान उपरोक्त के अलावा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, स्थापना उप समाहर्ता मनोज कुमार मांझी, मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी व मंदिर कर्मी आदि उपस्थित थे।

## 1 लाख 65 हजार 501 छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय छात्रवृति स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को मिल रही सुविधा की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री-मैट्रिक छात्रवृति वर्ग 1 से 10 तक के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृति भुगतान हेतु कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची से प्राप्त कुल-33,53,46,869.00 (तैंतीस करोड़ तीरपन लाख छियालीस हजार आठ सौ उनहत्तर) रुपये जिला स्तरीय छात्रवृति स्वीकृति समिति की बैठक में कुल-165501 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एलडीएम एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**देवघर।** रिखिया थाना पुलिस ने देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर एक आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। जेल गए आरोपों का नाम मुकेश कुमार उर्फ छोटू मांझी है। जो मोहनपुर थाना क्षेत्र के बिराजपुर का रहने वाला है। बताते चले कि थाना में महेशमारा निवासी सोनू कुमार ने देशी कट्टा सटा कर जान मारने की नीयत से धमकी देने को लेकर मामला दर्ज कराया था। मामले में मुकेश कुमार उर्फ छोटू मांझी को आरोपी बनाया था। रिखिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ के उपरांत जेल भेज दिया।

## सीओ ने राजस्व कार्यों में तेजी व लंबित कार्यों के शीघ्र निपटारे का दिया निर्देश



**मधुपुर संताल एक्सप्रेस ।** अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने आज अंचल सभागार कक्ष में प्रधान मूल रैयतों एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की.इस दौरान उन्होंने राजस्व संबंधित सभी लंबित कार्यों को तुरंत शॉर्ट आउट करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में वंशावली को ऑनलाइन करने की बात पर जोर दिया गया ताकि कर्मचारियों को जांच रिपोर्ट तैयार करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि जीवित व्यक्तियों के नाम रजिस्टर टू में जोड़े जाएं। राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए उन्होंने सभी मूल रैयत प्रधानों से कहा कि 15 जनवरी तक राजस्व वसूली कर इसे जमा करें. सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामलों पर भी चर्चा हुई। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि इसे हटाने की कार्रवाई की जा सके।

## गुरुजी ऐप से पढ़ाई कर रहे है सरकारी स्कूल के बच्चे



**शेखर सुमन**

**देवघर।** निजी स्कूलों के तर्ज पर झारखंड के सरकारी स्कूल को इन दिनों मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ शिक्षा देने की तैयारी चल रही है. सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खोले जाने के बाद अब राज्य सरकार ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा देने पर जुटी है. इसी कड़ी में बुधवार को स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड, रांची से आए अडॉप्शन एंड इंगेजमेंट कोऑर्डिनेटर,उमेश कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार ने डिजिटल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जे-गुरुजी का शुरुआत किया है। यह अभिनव पहल चल रहे डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा है, जो झारखंड के स्कूलों में सीखने की प्रणाली को बढ़ाने के लिए वेब और मोबाइल ऐप की विशेषताओं को सहजता से जोड़ती है। जे-गुरुजी डिजिटल और ऑडियो पुस्तकें, शिक्षण वीडियो, प्रश्न बैंक, रिकॉर्ड किए गए और लाइव कक्षाएं,मूल्यांकन,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) -संचालित सिफारिशें और बहुत कुछ प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्रों,शिक्षकों और प्रशासकों के लिए व्यापक सीखने का अनुभव प्रदान करना है। इस ऐप में अभी लगभग नौ हजार शिक्षण सामग्री विडियोज एवं पैंसठ हजार से ज्यादा क्वेश्चन सेट उपलब्ध कराया गया है और लगातार जे गुरुजी के नए वीडियो अपलोड किए जा रहे है। इस पहल के साथ, झारखंड डिजिटल ऐप-सक्षम शिक्षा को अपनाने और लागू करने वाले अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। वर्तमान में इस ऐप में एक लाख सत्तर हजार छात्र एवं लगभग साठ हजार शिक्षक पंजीकृत है और हमारा लक्ष्य झारखण्ड के सभी छात्रों को शामिल करना है। इस ऐप में एक बार पंजीकरण करने के बाद बच्चे अपने कक्षा का विषय वस्तु पढ़ सकते है साथ ही खुद का मूल्यांकन कर सकते है वैसे ही शिक्षक भी इस ऐप में पंजीकरण करने के बाद ही उपयोग कर सकते है। इस ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर शिक्षक ई-विद्या वाहिनी के यूजर कोड और छात्र, यूनिक कोड की सहायता से लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन या उपयोग करने में अगर कहीं दिक्कत आ रही हो तो हेल्पलाइन नंबर-06513521301 मदद लिया जा सकता है। मौके पर उमेश कुमार के द्वारा राजकीयकृत विवेकानंद मध्य विद्यालय देवघर, सीएम.एस.ओ.ई. गर्ल्स मातृमंदिर देवघर, एवं श्री मोहनानंद +2 उच्च विद्यालय तपोवन के बच्चों एवं शिक्षकों को जे-गुरुजी ऐप के माध्यम से पढ़ाई करने पर जोर दिया। वहीं राजकीयकृत विवेकानंद मध्य विद्यालय देवघर के प्रधानाध्यापक फुलेंद्र करमाली ने बताया कि जे गुरुजी ऐप के होने से बच्चों को पढ़ाने में और रेल के माध्यम से साप्ताहिक मूल्यांकन परीक्षा लेने में बहुत ही आसानी होती है। हम सब भी किसी भी तरह के कन्फ्यूजन होने पर जे गुरुजी ऐप का मदद लेते है। श्री श्री मोहनानंद +2 उच्च विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत मुस्कान कुमारी,रोशनी कुमारी, स्नेहलता कुमारी,क्षमा कुमारी एवं अन्य छात्रों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया की इस ऐप के माध्यम से हर डाउट क्लियर करते है, साथ ही मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन की भी प्रैक्टिस भी करते है। और एक दिन पहले ही अगले दिन होने वाले विषय वस्तु के बारे में वीडियो देख लेते हैं जिससे क्लास में जब शिक्षक बताते हैं तो आसानी से समझ आ जाती है।

### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका

**!!आवश्यक सूचना!!**

प्रोन्नति नियमावली 1993 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में जिले के प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड–3 एवं ग्रेड–4 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची (ZOC) के प्रारूप के प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचना का प्रकाशन :–

जिले के प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु औपबंधिक वरीयता सूची ग्रेड–3 एवं ग्रेड–4 का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.dumka.nic.in** पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक एवं अन्य इसके संबंध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से दिनांक – 12.12.2024 तक हार्ड कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में दावा/आपत्ति आवेदन देना अनिवार्य होगा। विदित हो कि वेसे शिक्षक (मान्नीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉंची के आदेश के आलोक में) जिन्होंने पूर्व में ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु प्रमाण–पत्रों की मिलान से संबंधित जॉंच में उपस्थित हुए थे वे दावा/आपत्ति समर्पित नहीं करेंगे।

**विहित प्रपत्र**

| आपत्तिकर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
दुमका

**PR 341182 Human Resource Developement(24-25).D**

### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका

**!!आवश्यक सूचना!!**

प्रोन्नति नियमावली 1993 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में जिले के प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड–7 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची (ZOC) के प्रारूप के प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचना का प्रकाशन :–

जिले के प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची संख्या – 04 (ग्रेड–7, प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति हेतु) का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.dumka.nic.in** पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक एवं अन्य इसके संबंध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से दिनांक – 12.12.2024 तक हार्ड कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में दावा/आपत्ति आवेदन देना अनिवार्य होगा। विदित हो कि वेसे शिक्षक जिन्होंने पूर्व में ग्रेड–7 में प्रोन्नति हेतु प्रमाण–पत्रों की मिलान से संबंधित जॉंच में उपस्थित हुए थे वे दावा/आपत्ति समर्पित नहीं करेंगे।

विहित प्रपत्र

| आपत्तिकर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
दुमका

**PR 341181 (Human Resource Developement)24-25*D**

### न्याय सदन
### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़
### व्यवहार न्यायालय, पाकुड़

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार **दिनांक – 14.12.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ (व्यवहार न्यायालय, पाकुड़ ½ द्वारा "राष्ट्रीय लोक अदालत" का आयोजन किया गया है जिसमें निम्नलिखित मामले का निष्पादन किया जायेगा

1. सुलहनीय आपराधिक वाद
2. N.I. Act., U/S 138 से संबंधित वाद
3. Money (धन) वसूली वाद
4. मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद
5. श्रम विवाद
6. बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद
7. पारिवारिक/वैवाहिक वाद
8. भूमि अधिग्रहण संबंधि विवाद
9. वेतन, भत्ते, सेवानिवृति आदि से संबंधित सेवा मामले
10. राजस्व वाद–दाखिल खारिज से संबंधित वाद
11. IPR Matters/Consumer Matters/also other matters
12. अन्य सिविल वाद, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझााया जा सकता है।

"राष्ट्रीय लोक अदालत" दिनांक–**14.12.2024** के लिए इसकी प्री –लोक अदालत कन्सीलिएसन सीटिंग्स नियमित रुप से दिनांक **14.10.2024** से प्रत्येक कार्य दिवस को सम्बंधित न्यायालय मे आयोजीत कि जा रही है तदनानुसार "राष्ट्रीय लोक अदालत" **एंव इसके प्री–लोक अदालत कन्सीलिएसन सीटिंग्स** मे सभी पक्षकारगण उपस्थित होकर अपने–अपने वादो का दिनांक–**14.12.2024** के राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निश्पादन करायें ।

अतः निवेदन है कि निर्देशीत माध्यम से उपस्थित होकर अपने–अपने मामलों का निष्पादन करा कर इस अवसर का पूर्ण लाभ उठायें ।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़

उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़।

PR 341142 Pakur (24-25)_D

### समाहरणालय, दुमका
### (जिला खेल कार्यालय)
ई–मेल–dsodumka11@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के बैठक कार्यवाही ज्ञापांक–643/राँची, दिनांक–29.11.2024 के आलोक में दुमका जिलान्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं एन0एस0एस0 के संयुक्त तत्वाधान से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024–25 कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है जो निम्नवत् है :–

| क्र० | कार्यक्रम की विवरणी | पुरस्कार राशि | आयु वर्ग | स्थान | तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सामूहिक लोकनृत्य (10 की सं0 में महिला/पुरूष मिलाकर तथा स्वयं का वाद्य यंत्र होना आवश्यक है) | 1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/- | 15 से 29 (पुरूष/महिला) | इंडोर स्टेडियम | दिनांक 14.12.24 पूर्वाह्न 09.00 बजे से |
| 02 | सामूहिक लोकगीत | 1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/- | | | |
| 03 | एकल लोकनृत्य | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 04 | एकल लोकगीत | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 05 | कविता लेखन | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 06 | कहानी लेखन | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 07 | चित्रकला | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 08 | भाषण | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 09 | विज्ञान मेला (एकल) | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |
| 10 | विज्ञान मेला (सामूहिक) | 1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/- | | | |
| 11 | फोटोग्राफी | 1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/- | | | |

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा दिनांक 13.12.2024 के अपराह्न 03.00 बजे तक संलग्न प्रपत्र में विवरण भरकर अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय/नेहरू युवा केन्द्र संगठन/एन0एस0एस0 कार्यालय, दुमका में से Whatsapp के माध्यम से या हाथों–हाथ जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु एन0एस0एस0 नोडल पदाधिकारी, डा0 रूपम श्रीवास्तव मो0 सं0–9546408802 एवं नेहरू युवा केन्द्र पदाधिकारी, श्री कुश कुमार मो0 सं0–7978342040 से संपर्क किया जा सकता है। उक्त आयोजन पंच प्रण थीम पर आधारित है, जो निम्न है:–1. बहुत **बड़े संकल्प** लेकर चलना होगा, 2. हमारे मन के भीतर **गुलामी का एक भी अंश है तो उसे बचने नहीं देना** है, 3. हमें हमारी **विरासत पर गर्व** होना चाहिए, 4. **एकता और एकजुटता** एवं 5. **नागरिकों का कर्तव्य**।

नोट :– 1. आवेदन फोर्म जिला खेल कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।
2. चयनित विजेता प्रमंडल स्तर पर दिनांक–19.12.2024 को भाग ले सकते है।
3. भाग लेने वाले प्रतिभागियों को https://mybharat.gov.in **My Bharat Portal** पर अनिवार्य रूप से पंजिकृत कराना आवश्यक है।

जिला खेल पदाधिकारी,
दुमका।

PR 341185 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

# माराङमंत्री दो़ नौसेना दिवस रे नौसेना रेन वीर जवानको बोगेआसे एमात्कोआ

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** माराङमंत्री नरेन्द्र मोदी दो़ बुधवार हिलोक् नौसेना दिवसओ़पसो़र रे भारो़तीया़ नौसेना रेन बोगेआसे एमात्कोआ आरे मेनकेदा जे ओ़को़य समुंद्र रेय कंट्रोल दो़हो़येत् काना उनी दो़दाड़ेयानगेयाय। माराङमंत्री मोदी दो़ एक्स रे पोस्ट ए ओ़ल केदा'नौसेना दिवस रे भारो़तीया़ नौसेना रेन वीर जवानको सारहाव सलामआको काना ओ़को़य दो़ बेजोड़ साहां आर समर्पण सालाक् आबोवाक्समुद्रको जागावेत् काना। आबो भारत रेयाक् समृद्ध समुद्री इतिहास रेहोंबोन गो़रो़बो़क् काना।' माराङमंत्री दो़ एक्स रे मित् वीडियो होंयकोल आकादा, नोआ रे उनी दो़



पारो़मेन बो़छो़र रेयाक् नौसेनादिवस रेयाक् का़मीहो़रा रे भासो़न रेयाक् आदो़म अंश कोल केदा।बलमेव तस्यवाक् लाई तुलुच्ए मेन केदा जे ओ़को़य समुंद्र रेयकंट्रोल दो़हो़येत् काना उनी दो़ सर्वशक्तिमान गेयाय। तेहेञ 4 दिसंबररेयाक् नोआ ऐतिहासिक दिन आबो आसीरबादे एमाबोन काना। तेहेञाक् दिन ओनको शूरवीरको होंबोन जोहाराको काना, ओ़को़य दो़ मातृभूमि ला़गित् आकोवाक् सर्वोच्च बलिदानको एमाकादा। भारो़तीया़ नौसेना दो़ आबोवाक् समुद्रतटको जोगाव आरको बांचावेत् काना। आबो रेनभारो़तीया़ नौसेना दो़ आयमा ओ़पसो़र रे आकोवाक् पराक्रमकोउदुक् आकादा, चाहे ओना गोवा रेयाक् मुक्ति संग्राम कान से 1971रेयाक् भारत पाक ला़ड़हा़ई कान। भारत रेन नौसेना दो़ मानवताका़मी रे हों उना़क् गेको लाहा हेच् आकाना। आपेको ला़गित् मेनाकाना जे चलो नई मिसाल हो, बढ़ो नया कमाल हो, झुको नही, रूकोनही, बढ़े चलो, बढ़े चलो। आर आपेयाक् नोआ हुंकार दो़ मिमित्भारतवासीको जो़स तेय पेरेच्एत्कोआ। नौसेना घारो़ंज रेन जो़तो़ रा़सिया़को नेवी डे रे खास काय ते जोहार बोगेआस इञ एमावाको काना।

# मंईया सम्मान योजना रे होयोक् काना लिचा़ड़ का़मी : बाबूलाल मरांडी



खोबोरिया

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रेन प्रदेश अध्यक्ष आर माड़ाङ रेनसिरा़मंत्री बाबूलाल मरांडी दो़ मंईया सम्मान योजना रे होयोक्कान लिचा़ड़ सेच् सा़गुनमाहां हिलोक् हेमंत सरकाराक् धियाने आ़युर ओचो केदा। सांवतेय मेन केदा जे मंईया योजना रेयाक् भुगतान रे हों खुप् लिचा़ड़ का़मी होयोक् काना।

मरांडी दो़य मेन केदा जे पारो़मेन बार दिन खो़न धनवार विधानसभाटोठा रेयाक् जुदा़-जुदा आतोको रे जनसंपर्क अभियान ओ़कते आतो हो़ड़को सोंगेञ गालमारावेत् काना। नोआ ताला रे धनवार प्रखंड रेयाक् कोड़ाडीह, जगदीशपुर सांवते मित् दो़रजो़न खो़न हों जा़सतीआतो रेन आयमा मायजीउ दो़ आपनाराक् मुसकिलाक्को ला़ई केदा। जा़सतीकाय मायजीउ दो़को ला़ई केदा जे ओनको दो़ मंईया स मान योजनारेयाक् पो़रहो़ खो़न दो़ नित हों बागदाव आकान गे मेनाक्कोआ। आयमा लेकमान मायजीवकोवाक् फा़रो़म दो़ पेरेच् हों बाङ होय आकाना, ओना इया़ते ओनको दो़ योजना रेयाक् पो़रहो़ दो़ बाको ञाम आकादा।

मरांडी दो़य मेन केदा जे नोआ छाडा वृद्धा पेंशन आर विधवा पेंशन हों आयमा चान्दो खो़न लंबित गेया। राशन वितरण रे हों लिचा़ड़ का़मीयेत् रेयाक् हों ला़लिस ञाम आकाना।उनी दो़य मेन केदा जे सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन ठेन नेहो़र मेनाक्आजे धनवार विधानसभा टोठा सांवते पो़नो़त रेयाक् एटाक् टोठाको रेहों विशेष शिविर ओरा़म काते मंईया स मान योजना खो़न बागदावाकानजो़तो़ मायजीवकोवाक् फा़रो़म पेरेजमा आर ओनको दो़ योजना रेयाक्भुगतान सो़मो़य रे एमावाकोमा। सांवते लंबित पेंशन आर राशन रेयाक् उद्यतन भुगतान निटमा जेमो़न मायजीउ दो़ आसो़ल जिनिसको ला़गित्दो़ आलो हारो़नो़क् होयोक् ताको।

# अदाणी दो़ टीबी रेन 80 गो़टेच् रूगीये एमात्कोआ पोषण किट

खोबोरिया

**हजारीबाग।** गोंदुलपारा खनन परियोजना होतेते अदाणी फा़उंडेशन दो़बुधवार हिलोक् तेसार चरण रेयाक् तुरूयाक् आर मुचा़त्आक्कैंप रे 80 गो़टेच् टीबी रेन रूगीको फ्री ते पोषण किट ए एमहा़टिञात्कोआ। बड़कागांव रे मेनाक् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेओ़रामेन नोआ का़मीहो़रा ओ़कते अदाणी फा़उंडेशन सेच् खो़न हा़टिञेन मिमित् किट रे च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरामूंग, तुड़ी सुनुम आर हॉर्लिक्स लेकान आहार सामानको ताहेकाना।प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना होतेते तुरूई चान्दो रेयाक् रान ओचोक्ओ़कते रूगीको जो़तो़ तुरूई चान्दो पोषक आहारको एमावात्कोआ।पेने चरण होते नितो़क् हा़बिच् 210 टीबी रूगीको गोद दो़हो़ चुका़उआकात्कोआ, नोआ रे ढेरकाय दो़को मो़ंज चुका़उ




आकाना।का़मीहो़रा ओ़कते ताहेकान हो़ड़ दो़ दिसा़म ला़गित् टीबी मुक्त बेनाव रेयाक् होंको एकराड़ एना। जो़तो़को दो़ मित् आड़ाङ रेकोमेन केदा आपनार मोहल्ला, आतो आर सोहो़र टीबी मुक्त बानाव होयोक्आ। नोआ ओ़पसो़र रे बड़कागांव रे मेनाक् सामुदायिक चिकित्सा केंद्र रेन प्रभारी डॉ अविनाश कुमार दो़य मेन केदा जेअदाणी फा़उंडेशन टीबी उन्मूलन टोठा रे लागातार उत्कृष्ठ का़मीयेत्काना ओका दो़ सारहावानाक् काना। नोआ छाडा अदाणी फा़उंडेशन होतेते बिन पोयसा एंबुलेंस होंको एम आकावात्कोआ, नोआ ते आतो हो़ड़ आ़डीपो़रहो़को ञामेत् काना। उनी दो़य मेन केदा जे हजारीबाग टोठा रेनरूगीको ला़गित् आपात हालो़त रे नोआ एं बुलेंस सुबिता तुरा़त रे एमावाकोआ। नोआ ओ़पसो़र रे सीएसआर विभाग रेन उप प्रबंधक मोहितगुप्ता आर तारकेश्वर कुमार शर्मा घालो़क् एटाक्कोको ताहेंकाना।

# पो़नो़त रे तापमान को़मेन ते जा़सतीयेना राबाङ

खोबोरिया

**रांची।** झारखंड रे दिना़म दिन राबाङ रेयाड़ दो़ जा़सती इदीक्काना। हालो़त नोआ काना जे नितो़क् हो़ड़ दो़ तिकिन रे हों रेयाड़राबाङको आ़ईका़वेत् काना। बुधवार हिलोक् तापमान को़मउता़र रेहालका ञेल एना, नोआ राबाङ जा़सती गे आ़ईका़क्आ। रांचीरेयाक् मौसम विज्ञान केंद्र लेकाते, बुधवार खो़न आयमा जिला रेको़मउता़र तापमान 3 खो़न 5 डिग्री लातार दाड़ेयाक्आ। बुधवार हिलोक्संताल परगना रेयाक् आयमा जिला रे को़मउता़र तापमान 10-11 डिग्रीताला ताहें दाड़ेयाक्आ। आर राजधानी आर आडेपासे जिलाको रे को़मउता़र तापमान 12 डिग्री आडेपासे ताहें दाड़ेयाक्आ। नोआकारो़न हो़ड़को एटाक् दिन खो़न जा़सती राबाङको आ़टकारा। नोआ बाबो़त रे रांची मौसम विज्ञान केंद्र रेन



वैज्ञानिक अभिषेक आनंद दो़य ला़ई केदा जे पोन खो़न एयाय दिसंबर हा़बिच् पारा बार खो़न पोन डिग्री ञुरहा़क्आ। उनी दो़य ला़ई केदा जे 7 दिसंबर खो़न रिमिल ताहे दाड़ेयाक्आ। इरा़ल आर आरे दिसंबर दो़ पो़नो़त रेयाक् आदो़म टोठाको रेय दाक् दाड़ेयाक् सो़ंदहो़ मेनाक्आ। 10 दिसंबर खो़न आरहों सेरमा साफा रेयाक् अनुमान मेनाक्आ। 10 खो़न सेरमा साफाक्ते सेताक् रे कुहड़ा़ ताहेंना, नोआ ते तापमान को़मावक्आ आर 10दिसंबर खो़न राबाङ जा़सतीक्आ।

# राज्यपाल सोंगेय ञापामेना रांची उपायुक्त



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोंगे सा़गुनमाहां हिलोक्रांची रेन उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री दो़ राजभवन रेय ञापामेना। राज्यपाल सोंगे नोआ दो़ उनीयाक् गापालमाराव ञापाम ताहेंकाना।

# सांसदआक् पहल, स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस चालाव दो़हो़य रेयाक् गो़टा

**पलामू।** हटिया आनंद विहार अप डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12873/12874 गा़डी चालाव इदीक् ताहेंना। रेलवे बोर्ड सेच् 2 दिसंबरखो़न 10 जनवरी 2025 हा़बिच् राबाङ रे कुहड़ा़ रेयाक् बहाना बानावकाते नोआ ट्रेन बों़दो़य रेयाक्को गो़टा लेदा। नोआ मामला रेपलामू रेन सांसद विष्णु दयाल राम रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आर रेलवेबोर्ड रे अध्यक्ष सतीश कुमार चिठी ओ़लकाते व्यक्तिगत रूप तेय ञापामकाते ओना ट्रेन चालाव इदीय ला़गित्ए आरो़जादे ताहेंना। सांसद दो़यमेन लेदा जे नोआ ट्रेन ते जो़तो़ खो़न जा़सती लाभ पलामू संसदीय क्षेत्ररेयाक् बानार जिला पलामू आर गढ़वा रेन हो़ड़को ञामेत् काना। दिसा़म रेयाक् राजधा़नी सांव कनेक्ट होयोक् आर दिल्ली रे उच्चतरचिकित्सा संस्थान रे इलाज ला़गित् हिजुक् चालाक् ला़गित् ओना ट्रेनसर्वोत्तम साधो़न काना। सांसद दो़य मेन केदा जे झारखंड रेयाक् पलामूगढ़वा लातेहार आर उत्तर प्रदेश रेयाक् सोनभद्र आकांक्षी जिलाकोसूची रे सेलेत् मेनाक्आ। माराङमंत्री नरेन्द्र मोदीयाक् आ़युरानकेंद्र सरकार मारे आर बेतुक गोटाय रेयाक् परपंरा मुचा़द ला़गित्ए बाडायो़क् काना। ओना ट्रेन चालाव इदीय ते सा़गारीकोहिजुक् चालाक्को आलगाक्आ। बुधवार हिलोक् सांसद वीडी राम दो़ नोआ बाबो़त रे जानकारीय ला़ई केदा। सांसद दो़ नोआ ला़गित् रेल मंत्री आर रेलवे बोर्ड रेन अध्यक्ष ला़गित् सारहाव ए सो़दो़र आकादा।

# चतरा रे कोयला गेमेर हाइवा गा़डीको जेरेत्आदा



**चतरा।** जिला रेयाक् पिपरवार थाना टोठा रे कोयला गेमेर हाइवागा़डी रे सेंगेलको जेरेत् आकावादा। बचरा स्टेडियम तायो़मट्रांसपोर्टिंग रोड रे मंगलवार हिलोक् ढेर ञिन्दा़ नोआ घो़टो़नाहोय आकाना। टंडवा खो़न बचरा साइडिंग हा़बिच् होयोक्आक् एनटीपीसीरेयाक् कोयला गेमेर हाइवा गा़डीको जेरेत् आकावादा। नोआघो़टो़ना रे बोदमास से जाहांय नक्सली संगठन होतेतेको जेरेत्आकावादा नितो़क् दो़ बाङ बाडाय दाड़ेयाकाना। नोआ घो़टो़ना तायो़मट्रांसपोर्टरको आर कोयला बेपारीको बो़तो़र रे मेनाक्कोआ। नोआ बाबो़त रे बुधवार हिलोक् एसपी विकास कुमार पांडे दो़य ला़ई केदा जे पुरा़उ मामला जांच पड़ताल होयोक् काना।

# राजस्व आतो मांझी संघ दो़ ओ़नो़रो़ल जागवार रैलीको ओडोक केदा

खोबोरिया

**जामताड़ा।** जल जंगल जमीन जोगाव बांचाव ला़गित् मंगलवार हिलाक् राजस्वग्राम प्रधान संघ दो़ नारायणपुर अंचल कार्यालय छाटका रे दुपुड़ुप्होय एना। दुपुड़ुप् रे सायके आतो मांझीको आर गोक्ड़ोकोकोसेलेत् एना। नोआ ओ़कते संगठन केटेज आर मो़ंज बानाव सांवते ओ़नो़रो़ल बांचाव ला़गित्को गोटा केदा। दुपुड़ुप् रे गालमारावेनाजे निजी संस्थान आर प्रतिष्ठा रेन संचालक ला़गित् पदाधिकारीयाक्मिलीभगत ते कारोबारी गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे आड़े आमया दारेआंधाधुंधको माक् आकादा। नुना़क् गे बाङ निहा़ली सो़मो़य हों आयमाजायगा सो़ड़ो़क आड़े मेनाक् दारेको माक्एत् काना। आतो मांझीसंगठन नोआ दो़ बाको साहावा। दारे बांचाव रेयाक् जा़रूड़ पाड़ा़वेनातो़बे ग्राम प्रधान संघ दो़ चिपको आंदोलनको चालावा। नारायणपुर प्रखंडरेन पूर्व ग्राम प्रधान संघ रेन अध्यक्ष सह जाहां अंसारी दो़य मेन केदा जे नितो़क् हा़बिच् करोड़ टाका खो़रो़च काते सरकार दो़ गोविंदपुर साहिबगंज हाइवा रे लागावाकान हाजार के दारे कटाव होयचुका़उ आकाना। नोआ ते पर्यावरण प्रभावितो़क् काना।

# रांची रेयाक् लालजी–हिरजी रोड रे मेनाक् बिल्डिंग रे लागावेना सेंगेल

खोबोरिया

**रांची।** कोतवाली थाना टोठा रेयाक् लालजी-हिरजी रोड रे मेनाक्बिल्डिंग रे सा़गुनमाहां हिलोक् सेंगेल लागावेना। मद्रास कैफे सोर रेमेनाक् एटाक् दुकानको रे हों सेंगेल दो़ लागावेना। सेंगेल लागावेन तायो़म ओ़न्डे दो़ हो़ड़को आंदमांदाव चाबायेना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम सांवते पुलिस दो़ ओ़न्डेको सेटेरेनाआर घो़टना रेयाक् खो़बो़र अग्निशमन विभागको एमादेया। अग्निशमनरेयाक् गा़डी दो़ ओ़न्डे सेटेर काते सेंगेल आ़ड़िज रेयाक्कोकुरूमुटूयेत् काना। ला़ईया़गो़क् काना जे शॉर्ट सर्किट



इया़तेबिल्डिंग रे सेंगेल दो़ लागावेना। सेंगेल लागावेन रेयाक् घो़टना रेतिना़क् लुकसान होय आकाना नोआ रेयाक् पुसटा़उ काथा दो़ ओ़नमानआनेच् गे बाडाय दाड़ेयाक्आ। नित अग्निशमन रेयाक् गा़डी दो़ सेंगेल आ़ड़िज ला़गित्को कुरूमुटूयेत् काना। सेंगेल रे जाहांयाक् जिवीचालावाकान रेयाक् खो़बो़र दो़ बा़नुक्आ। कोतवाली इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा दो़य ला़ई केदा जे मद्रास कैफे सोर रे मेनाक् बिल्डिंग रे लागावेना। फा़यर ब्रिगेड रेयाक् गा़डी दो़ सेंगेल आ़ड़िज रेयाक्को कुरूमुटूयेत् काना।

# बांग्लादेश रे होयोक्कान को़चलो़न खिलाफ रे लातेहार रेको ओडोङ केदा विरोध रैली



खोबोरिया

**लातेहार।** बांग्लादेश रे सनातन धो़रो़म माक्नाव हो़ड़ उपा़र रेहोयोक्कान को़चलो़न खिलाफ रे लातेहार जिला मु यालय रे सर्व सनातनसमाज होतेते सा़गुनमाहां हिलोक् विरोध रैली ओडोङेना। नोआ ताला रेटोठाकिया़ दुकानदार हों आपनार दुकानको बों़द काते विरोध रैली रेको गो़ड़ो़येना। रैली दो़ लातेहार बाजार खो़न एहो़प् काते शहर दाड़ांय तुलुच् समाहरणालय हा़बिच् सेटेरेना। ओ़न्डे रैली दो़ सभा रे बो़दो़लेना।सभा रे मित्-बार काथा दो़हो़य तुलुच् वक्ता दो़को मेन केदा जेबंग्लादेश रे हिन्दू आर एमान अल्पसं यको सोंगे ओका लेका जानवारलेकाको सुलुकेत् काना, ओना दो़ आ़डी भाबना काथा काना। सरकार दो़ नोंकान मामला रे तुरंत गे एक्शन हाताव लेककान ताया। वक्ता दो़कोमेन केदा जे बंगलादेश चेतावनी एमावाय काना जे उनी दो़ अल्पसं यकोयबांचावकोमा। जुदि बांग्लादेश रेन सरकार बाय सुधा़रो़क् काना एन्डेखान बांग्लादेश गे सुधा़रगो़त्काया। जुदि बिन बिला़माते ओ़न्डेहिन्दू आर अल्पसं यको खिलाफ होयोक्कान बा़पुड़िच् बेवहार बाङ तेंगो दारामेत् काना एन्डेखन गोटा दिसा़म रे आंदोलन होयोक्आ। तायो़म ते राष्ट्रपतियाक् ञुतुम ते लातेहार डीसी दो़ दारखासको एमादेया। नोआ ओ़पसो़र रे सोमाज सुसा़रिया़ राजमणि प्रसाद, रामनाथ अग्रवाल, राजधानी यादव, संजय तिवारी सांवते आयमा लेखा रे हो़ड़को सेटेराकान ताहेंकाना।

# पेया गोदाम रे लागावेना सेंगेल, करोड़ रेयाक् लो़कसान एना

खोबोरिया

**गिरिडीह ।** जिला रेयाक् पचंबा थाना टोठा रेयाक् बोड़ो रे मेनाक्प्लाईवुड रेयाक् बारया आर बिजली सामान रेयाक् मित्टेन जो़तो़ तेदो़ पेया गोदाम रे सेंगेल लागाव एना। सेंगेल दो़ मंगलवार हिलोक्ञिन्दा़ रेयाक् घो़टो़नाको ला़येत् काना। सेंगेल ते मुटामुटीबार करोड़ टाका रेयाक् सोमपुती लो़ लो़कसान आकान अनुमानआकाना। ला़याकादाको जे घो़टो़ना रे गोदाम रे दो़हो़ प्लाईवुडघालो़क् आयमा सामान छाडा बारया मोटरसाइकिल आर मित् एक्सयूवीकार पुरा़उ ते लो़ तो़रो़च् एना। घो़टो़ना रे बाबाधाम प्लाईवुडरेन संचालक रवि कुमार साहू दो़य मेन केदा जे बोलो हवाई



अड्डा सोर रे झूमराज इंटरप्राइजेज, बाबाधाम प्लाईवुड आर मित् बिजली रेयाक् सामान मेनाक् गोदाम मेनाक्आ। बाबाधाम रेन संचालक उनी दो़ कानाय।झूमराज इंटरप्राइजेज दो़ उनी आच् होञहारतेत् भुनेश्वर प्रसादसाहूवाक् काना आर बिजली दुकान गोदाम दो़ अमित कुमाराक् काना।पेने गोदाम दो़ सुरसुपुर गेया। रवि दो़य मेन केदा जे ओना रेनबारया का़मिया़ गोदाम रे गेकिन ताहेंन काना। ञिन्दा़ 11.30 बजे आचका गे का़मिया़ दो़किन फो़न केदा जे गोदाम रे सेंगेल लागावआकाना। नोआ आंजो़म सांवते गे आकबाक रे गोदाम तेय सेटेर एना।इना़ तायो़म पचंबा थाना आर फा़यर ब्रिगेड ठेन खो़बो़र ला़यात्कोआ। काथा बाडाय काते फा़यर ब्रिगेड टीमको सेटेर एना मेनखान सेंगेल बाकोका़बू दाड़ेयादा। उनी दो़य मेन केदा जे 12 बजे खो़न सेताक् हा़बिच्लेका इरा़ल बजे हा़बिच् सेंगेल आ़ड़िज कुरूमुटू ताहेंयेना। आयमा धाव गा़डी रे दाक् पेरेच् आ़गू काते सेंगेल आ़ड़िंजको कुरूमुटूकेदा। मेनखान बाङको दाड़ेयादा। 10 दमकल गा़डी गो़ड़ों होय एना तो़बे गे आ़ड़िंच् दाड़ेयादा। रवि दो़य मेन केदा जे एतो़हो़प् बाडाय रेसेंगेल दो़ शॉर्ट सर्किट ते लागाव आकाना।

# आ़लू पियांज किरिञ आ़खरिञ रे बिहार बंगाल सीमा़को सील केदा



**किशनगंज।** बिहार बंगाल रेयाक् रामपुर चेकपोस्ट सोर बुधवार हिलोक् बंगाल पुलिस दो़ सीमा़को सील आकादा। मामला दो़ बंगाल पो़नो़तसांव एटाक् पो़नो़त रे पियांज आर आ़लू किरिञ आ़खरिञइदीकाते काना। नो़ते रामपुर चेकपोस्ट सोर रे इस्लामपुर एसडीपीओसांवते पुलिस बल सीमा़ रे मेनाक्कोआ। पश्चिम बंगाल रेन आ़लू बेपारीदो़ धामकाव आकादा जे जुदी पो़नो़त सरकार दोसार पो़नो़त ला़गित्आ़लू आ़खरिञ रे प्रतिबंध बारो़न बाय ओ़चो़क्एत् काना तो़बेहड़ताल रेको चालाक्आ। पश्चिम बंगाल सरकार दो़ सोर दिन गेटोठारिया़ बाजार रे दामको कंट्रोल कुरूमुटू रे सोर पो़नो़तला़गित् आ़लू आ़खरिञ रे आरहोंय बारो़न आकादा। टोठारिया़ बाजारको रे आ़लू दो़ 35-40 टाका मिमित् किलो दाम ते आ़खरिञो़क्काना। पो़नो़त सरकाराक् फा़यसाला तायो़म पुलिस दो़ पो़नो़त बाहरेआ़लू गेमेर रोकाव ला़गित् अंतर राज्यीय सीमा़को रे निगरानीयबाढ़ाव आकादा। नोआ खा़तिर आयमा टेराक सीमा़ पा़रो़म खो़नफांसाव आकाना। बेपारीको आर कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन दो़ टोठारिया़ बाजारको रे दामको कंट्रोल रे निजो़र ताहेंन ला़गित्पो़नो़त सरकार दुसीय ठहराव आकादेया आर नोआ ला़गित् बिचौलिया़कोवाक् मुनाफा़खोरी जिमा़वारीय ठहरावाकात्कोआ।

# ड़ा़न-ड़ा़हिन रेयाक् दो़स लादे काते मायजीवको को़चलो़न आकादे रेयाक् घो़टना रे होयोक्मा कार्रवाई: मरांडी

खोबोरिया

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रेन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो़ रांची रे ड़ा़न-ड़ा़हिन रेयाक् दो़स रे आदिवासी मायजीउ को़चलो़नेदेरेयाक् घो़टना दो़ आ़डी भाबनाय ला़ई केदा। मरांडी दो़सा़गुनमाहां हिलोक् आपनार एक्स हैंडल रे मित्टेन पोस्टए ओ़ल आकादाजे रांची रे आदिवासी मायजीउ उपा़र रे ड़ा़न-ड़ा़हिन रेयाक् दो़सलागाव काते को़चलो़न आकादे रेयाक् घो़टना दो़ आ़डी बा़पुड़िच् गेया। रांची पुलिस दो़ नोआ मामला रे दुसीको उपा़र रे नेयो़म लेका तेको कार्रवाईमा आर दुखा़ली आदिवासी मायजीउ दो़ लेकमान गो़ड़ो़ एमावायमा। मरांडी दो़ सिरा़मंत्री हो़ंय नेहो़रादेया जे उनी दो़ नोआ मामला रे अधिकारीकोय बातलावाकोमा जे मायजीउ सालाक् ते नोंकान घो़टना दो़ दो़ड़हा ते दो़ आलो होयोक्मा। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे रांची रेयाक् 50 किलोमीटर झा़लचान्हो प्रखंड रेयाक् चुटिया आतो रेन आदिवासी मायजीउ मंगरी उरांवदो़ ड़ा़न मेन काते पारो़मेन पोन चान्दो खो़नको सान्तावेदे काना। ओनाइया़ते मंगरी ताको रेन पुरा़ घारो़ंज भो़यो़न रे मेनाक्आकात्कोआ। दुखा़ली दो़य ला़ई केदा जे गोटा आतो गोलबंद काते उनी तायो़म रेको लागावाकाना। ओ़ड़ाक्को रा़पुत् आकात् ताया। दाक्रेयाक् पाइपलाइन आर बिजली कनेक्शन होंको काटावकात् ताया। ओनातायो़म ओनको घारो़ंज रेन सालाक् ते पतरातू तेतर टोली तेयचालावेना।

मित् चान्दो ओ़न्डे ताहेंयेन तायो़म हो़ड़ो गेद ला़गित् आतो तेयरूवा़ड़ेना खान आतो रेन हो़ड़ दो़ दो़ड़हा ते को़चलो़नेको लागावेना।ओना तायो़म मंगरी दो़ नरकोपी थाना रे प्राथमिकीय दर्ज ओचो केदा।नरकोपी पुलिस दो़ मामला सोलहाय ला़गित् आतो तेको सेटेरेना मेनखानआतो हो़ड़ाक् विरोध इया़ते रूवा़ड़ो़क् होयेन ताकोआ। मंगरी दो़यमेन केदा जे आतो रे पे-पोन हो़ड़को गो़च् लेना, ओना इया़ते आतो रेन हो़ड़को आ़ईका़उ केदा जे ड़ा़न-ड़ा़हिन इया़ते गे नोंका दो़होयोक् काना।

# जमाबंदी जमीन पर पीसीसी निर्माण की शिकायत का मामला



**सरैयाहाट।** सरैयाहाट प्रखंड के दिग्घी पंचायत स्थित तरोन गांव में बन रहे पीसीसी सड़क को लेकर जमीन विवाद से संबंधित शिकायत पर बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग की टीम के साथ अंचल अधिकारी सरैयाहाट के द्वारा उपरोक्त जमीन की मापी कराकर सीमांकन कराया गया। जानकारी के अनुसार दिग्घी से तरोन तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। गाँव के बबलू यादव ने शिकायत की थी कि पीसीसी सड़क का निर्माण कुछ हिस्सा उसके जमाबंदी जमीन पर किया जा रहा है। जिसके बाद विभाग ने शिकायतकर्ता के आवेदन के आधार पर बुधवार को गांव में उसकी जमाबंदी जमीन की मापी कराकर सीमांकन कराया और आपसी सहमति को लेकर शिकायतकर्ता और गांव के ग्रामीणों से सुलह कराने का प्रयास किया। इस दौरान अंचल अधिकारी राहुल शानू, थाना प्रभारी ताराचंद, जिला परिषद सदस्य बालमुकुंद यादव, विभाग के कार्यपालक अभियंता उदय सिंह, सहायक अभियंता मिथलेश कुमार, कनीय अभियंता सुमन कुमार, संवेदक, शिकायतकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सीओ ने ग्राम प्रधानों के साथ की भूमि राजस्व को लेकर की समीक्षा



**रानीश्वर(दुमका) ।** अंचलाधिकारी शादां नुसरत ने बुधवार को अंचल सभागार रानीश्वर में ग्राम प्रधानों के साथ भूमि राजस्व की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीओ ने भू लगान वसूली को लेकर प्रधानों को रैयतों को निकटतम प्रज्ञा केंद्रों में ऑनलाइन लगान जमा कराने में सहयोग करने का अनुरोध किया।साथ ही जाति, निवासी एवं अन्य प्रमाण पत्रों के आवेदनों का सत्यापन करने, संबंधित मोजा के सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, वंशावली की जांच करने, वृक्षों की कटाई पर रोक लगाने, उनके सहयोगी के मृत्यु होने पर अंचल कार्यालय को सूचना देने, राजस्व उप निरीक्षक को जांच में सहयोग करने के साथ मौजा के छोटे-छोटे विवादों का निपटारा करने को कहा बैठक में अंचल नाजिर बिश्वजीत दत्त समेत अन्य संबंधित मौजूद थे।

# पेंशन एवं मंईयां सम्मान योजना को लेकर बीडीओ ने समीक्षात्मक बैठक



**रानीश्वर(दुमका) ।** बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन एवं मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में सभी पंचायत सचिव एवं कार्यालय कर्मियों को निदेश दिया गया कि लंबित सभी आवेदनो का एक सप्ताह के अंदर निष्पादन कर कार्यालय में जमा किया जाय। जिससे लाभुकों को जल्द लाभ मिल सके। विदित हो कि बीडीओ श्री सिन्हा ने 15 अक्टूबर 2024 को यहां योगदान किया हैं । योगदान के बाद यहां विधानसभा चुनाव के कार्य में व्यस्त रहे। इस अल्प समय में उन्होंने 759 पेंशन आवेदनो को स्वीकृत किया है । जिसमे मुख्यमंत्री राज्य बृद्धावस्था पेंशन के 710, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान के 25 एवं स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालंबन प्रोत्साहन योजना के 21 व मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के तीन आवेदन को स्वीकृत किया हैं। सामाजिक सुरक्षा पारिवारिक लाभ योजना के 10 लाभुकों के आवेदन को स्वीकृति दी हैं, जिसके तहत उन लाभुकों के बीच बीस- बीस हजार की राशि भुगतान की गई है। इसके अलावा मंईयां सम्मान योजना के 809 लाभुकों के आवेदनों की स्वीकृति दी गई है। यहां यह भी विदित हो कि इस बीच 40 दिन आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू थी। उल्लेखनीय हैं कि श्री सिन्हा ने यहां विकास योजनाओं को बिचौलियों से मुक्त कराने की पहल शुरू कर दी हैं । पीएम आवास योजना के बिचौलियों के विरुद्ध सख्त करवाई कर लंबी अवधि से अधूरे कार्य को प्रारंभ करने के लिए बिचौलिए को चेतावनी दी है।

# बीडीओ ने दिया अधूरे आवास निर्माण योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश



**गोपीकांदर(दुमका) ।** प्रखंड सभागार गोपीकांदर में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मर्सीलता मरांडी ने की। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी उपस्थित रहे। बैठक में मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग, आवास योजना, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा सहित विभिन्न प्रगतिशील योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने अधूरे आवास निर्माण योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के बगैर रिपोर्ट बैठक में शामिल होने पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए अगली बैठक में सभी को रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। इसके अलावा, पेयजल और बिजली विभाग के कनीय अभियंताओं की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया गया। बीडीओ ने पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य पदाधिकारियों को लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी। बैठक में बीपीआरओ विशाल कुमार, बीईईओ सुरेन्द्र हेंब्रम, मनरेगा बीपीओ पवन कुमार, 15वीं वृत्त जई विमल कुमार यादव, सभी पंचायत सचिव, मुखिया , रोजगार सेवक सहित प्रखंड और अंचल कर्मी मौजूद थे।

## भाजपा ने कि दुमका विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा सह आभार बैठक

# कार्यकर्ताओं का समर्पण हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसे बनाए रखना हमारी प्राथमिकता : सुनील सोरेन





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** अग्रसेन भवन दुमका में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को दुमका विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा सह आभार बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद एवं दुमका विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोरेन, दुमका विधानसभा प्रभारी सत्येंद्र सिंह, और दुमका विधानसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक विपिन अग्रवाल उपस्थित हुए।

बैठक का उद्देश्य दुमका विधानसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करना, कमजोरियों को समझना और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आगे की रणनीति तैयार करना था। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं के अभूतपूर्व परिश्रम के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिलाध्यक्ष गौरव कांत ने कहा कि यह समय आत्ममंथन का है। हमें चुनावी परिणामों से सीख लेकर और अधिक संगठित होकर कार्य करना है। भाजपा का हर कार्यकर्ता जनसेवा और विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, और हम इस दिशा में अपने प्रयासों को और तेज करेंगे।

पूर्व सांसद और विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चुनाव में हार-जीत चलती रहती है, लेकिन हमारे लिए यह हार एक सीख है। हमें जनता के बीच और मजबूती से जाना है और उनके विश्वास को जीतना है। कार्यकर्ताओं का समर्पण हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और इसे बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

दुमका विधानसभा प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने चुनावी परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना सिंह, डॉ अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, शर्मिला सोरेन, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद राय, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, पिंटू साह, मार्शल ऋषिराज टुडू, मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, बिमल मरांडी, रिंकू देवी, ओम केसरी, नीतू झा, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा, मृणाल मिश्रा, दीपांशु कोचगावे, मंडल अध्यक्ष गणपति पाल, सहदेव मरांडी, दिनेश सिंह सहित बूथ प्रभारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भविष्य की योजनाओं पर मंथन किया और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# सीएसपी केंद्र से हथियार से लैस तीन अपराधियों ने 40 हजार लूटा



**संवाददाता**

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के रानीघाघर पंचायत के अश्रममोड-दलाही सड़क के महुलवोना गांव स्थित इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक से बुधवार दोपहर को हथियार से लैस तीन अपराधियों 40 हजार रुपये की लूटपाट की घटना का अंजाम दिया है।बैंक संचालक देवकांत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि केटीएम बाइक में सवार तीन की संख्या में पिस्तौल से लैस अपराधी आये और जान से मारने की धमकी देने हुए 40 हजार रुपये लेकर पहरूडीह,सुगापहाडी की ओर चल दिए। सुबह एक ग्राहक को 10 हजार रुपये दिए थे। नही तो वह भी चले जाते। मसलिया थाना को उक्त घटना की जानकारी दिया गया। इस संबंध मसलिया थाना प्रभारी अनिल कुमार टुडू से पुछे जाने पर बताय कि उक्त घटना की जानकारी मिलते घटनास्थल पहुंचकर बैंक संचालक से पूछे जाने पर बताया कि 10 दिनों से बैंक बंद था।आज ही बैंक खोला गया था।और 40 हजार रुपये की चोरी हो गई। पुलिस बारिकी से जांचपड़ताल कर रही है।

# ऐतिहासिक पर्यटन स्थल संथाल काटा पोखर के लोहे की चहारदीवारी गिरी, प्रशासन बेखबर





**संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका) ।** संथाल विद्रोह के समापन के मार्मिक इतिहास से जुड़े दिगुली गांव के संथाल काटा पोखर के सौंदर्यीकरण एवं लोहे की ग्रील की चहारदीवारी निर्माण के तुरंत बाद धराशायी हो गयी। साथ ही पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल दुमका के द्वारा पोखरा के पास उस पोखर के संक्षिप्त इतिहास से जुड़ा लगाया गया होडिंग भी धराशायी हो गया है। बताते चलें कि, दुमका के पूर्व उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने प्रखंड मुख्यालय रानीश्वर से आठ किलोमीटर की दूरी पर पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित इस पोखर को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विकसित करने का कार्य शुरू कराया था। बिशेष प्रमंडल दुमका के माध्यम से यहां अस्सी लाख की लागत पर संथाल विद्रोह के इतिहास से जुड़े पोखर का सौंदर्यीकरण एवं लोहे की चहारदीवारी निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद ग्रिल की चहारदीवारी धराशायी हो गयी है। विगत छह महीने से स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल दुमका के अभियंता बेखबर बने हैं। 1855 के संथाल विद्रोह के मार्मिक समापन के समय यह इलाका बीरभूम जिला के अधीन था। 56 साल के बाद 1911 में बिहार राज्य गठन के समय संथाल परगना जिला को बिहार के साथ जोड़ा गया था। उस विद्रोह के 167 साल के बाद भी यहां के इतिहास को सही स्थान नहीं मिला था। अंतिम सर्वे रिकार्ड में पोखर को संथाल काटा पोखर नाम से दर्ज किया गया हैं। वर्ष 2000 में सर्वप्रथम झारखंड बंग भाषी जागरण पत्रिका में संथाल काटा पोखर के इतिहास को प्रकाशित किया गया था । लगातार बांग्ला एवं हिंदी पत्र पत्रिकाओं में इस पोखर के इतिहास को प्रकाशित करने के बाद जिला प्रशासन ने बिशेष रुचि लेकर इस पोखर को राष्ट्रीय ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल शुरू की है, लेकिन विभागीय उदासीनता से विगत 6 महीने से कार्य बंद है। स्थानीय बुद्धिजीवियों के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर भी इस ऐतिहासिक स्थल की उपेक्षा की जा रही है जो खेद का विषय है। डॉ रामदयाल मुंडा शोध संस्थान में भी संथाल काटा पोकर के इतिहास को जगह दी गई है।

# बिहार के लखीसराय से सैकड़ों भक्त रथयात्रा के साथ बासुकीनाथ पहुंचे




**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के उपलक्ष्य पर बुधवार को बिहार के लखीसराय से करीब ढ़ाई सौ से अधिक श्रद्धालु पैदल हरिनाम संकीर्तन करते हुए बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे। सभी श्रद्धालु उतरवाहिनी गंगाजी से पवित्रजल का कांवर भरकर भी साथ लेकर पहुंचे। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ गंगाधाम से भजन कीर्तन करते हरिनाम- रामधुन गाते नाचते-गाते हरिनाम भक्ति का रथयात्रा पैदल लेकर पहुंचे। इस जत्थे में शामिल शिवभक्त अरविंद यादव ने बताया कि बिहार के लखीसराय जिला अन्तर्गत बलीपुर कांवरिया संघ के बैनर तले आस-पास के गांव के ग्रामीण पिछले 13 वर्षों से प्रतिवर्ष एक नियत तिथि पर हजारों की संख्या में वे सभी अखंड संकीर्तन करते हुए बासुकीनाथ तक आते है। संघ के छोटंकी यादव ने बताया कि दल के सभी सदस्यों ने मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन अजगैबीनाथ में जल भरा था। वहां से दर्जनों छोटी बड़ी गाड़ियों में राह में इस्तेमाल होने वाली सामग्री लादकर व पैदल ही अखंड रामधुन पर नाचते गाते अखंड संकीर्तन करते हुए बाबाधाम की पूजा सोमवार को करने के बाद यहां बुधवार को पहुंचे। दल में अनेक देवी देवताओं की मूर्तियां एवं झांकी भी प्रदर्शित की गयी थी। दल के बुजुर्ग जानकी देवी ने बताया कि यह यात्रा वर्ष 2012 से प्रत्येक वर्ष आयोजित की जा रही है। यह उनके दल के द्वारा 13वीं यात्रा है। इस दल में सैकड़ों महिला, पुरूष व बालक सदस्य मौजूद थे।

# पैसे की मांग को लेकर पति से विवाद होने पर पत्नी ने खाया कीटनाशक

**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र के मंडलडीह गांव में बुधवार की देर शाम एक महिला ने पति के द्वारा नवान्न पर्व पर पैसे नहीं देने के मामूली बात पर कीटनाशक दवा खाकर जान देने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार मंडलडीह गांव की महिला दीपा देवी का पति छोटन दास दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। बुधवार को उसने अपने पति को फोन कर नवान्न पर्व के लिए कुछ पैसे भेजने की बात कही जिसपर उसके पति ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। पति के द्वारा पैसे देने से नाराज दीपा ने घर में रखे कीटनाशक को खा लिया। जिसके बाद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया जहां खबर लिखें जाने तक चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया जा रहा था।

# अंडर 14 प्रतियोगिता के दुमका वेन्यू अंतिम लीग मैच में गिरिडीह ने गोड्डा को 10 विकेट से दी करारी शिकस्त




**संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंदर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में गिरिडीह ने गोड्डा को 10 विकेट से पराजित किया । आज सुबह गिरिडीह के कप्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और गोड्डा और की पूरी टीम निर्धारित 40 ओवर के खेल में 9 विकेट के नुकसान पर केवल 147 रन ही बना सकी द्य गिरिडीह की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष रंजन देव ने 31 रन देकर तीन खिलाड़ी को आउट किया जबकि मनजीत और आयुष कुमार यादव को दो-दो सफलता हाथ लगी द्य जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गिरिडीह की टीम केवल 17.02 ओवर में जीत के लिए आवश्यक 149 बिना किसी नुकसान के बना लिए इस प्रकार गिरिडीह की टीम ने इस मैच को 10 विकेट से जीतलिया । गिरिडीह की ओर से सुजल ने नाबाद 68 और शिवम ने नाबाद 61 रन केवल 55 गेंद का सामना करके बनाएं द्य आज के मैच का मैन ऑफ द मैच गिरिडीह के शिवम को चुना गया और उन्हें धनबाद से आए हुए इस वेन्यू पर ऑब्जर्वर पूर्व रणजी खिलाड़ी आमिर हाशमी ने 5000 का नगद पुरस्कार झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से दिया द्य जबकि जिला क्रिकेट संघ दुमका की ओर से शिवम को मोमेंटो दुमका जिला के पूर्व जिला खिलाड़ी संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया । इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार मोदी संयुक्त सचिव अमित रंगराजन एवं श्री उमेश कुमार रावत कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर शर्मा चंद्र किशोर सिंह पूर्व जिला खिलाड़ी विश्वजीत चटर्जी के साथ जिला क्रिकेट संघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थेद्य काफी संख्या में दुमका जिला के खेल प्रेमी दर्शकों ने भी इस मैच का आनंद लिया द्य अपने समापन संबोधन में आमिर हाशमी ने बताया कि आप सभी बच्चों को काफी लगन से क्रिकेट खेलना चाहिए क्रिकेट में कोई शॉर्टकट नहीं होता है और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के आप लोग भविष्य हो इसलिए काफी मन लगाकर मेहनत करें ताकि आगे चलकर आप अपने जिला झारखंड और देश का नाम रोशन कर सकें। उक्त आशय की जानकारी जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव अमित रंगराजन ने दी।जिला क्रिकेट संघ के सचिव भास्कर अजीत सिंह ने बताया कि आगामी 8 दिसंबर से स्थानीय एटीएम क्रिकेट ग्राउंड में ही बिना मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग का शुभारंभ होने जा रहा है दुमका जिला के सभी टीमों से कहा गया है कि वह 5 तारीख तक अपने टीम का प्लेयर लिस्ट संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी के पास जमा करने को कहा गया है ताकि 6 तारीख को टूर्नामेंट का फिक्सर तैयार किया जा सके।

संघ के उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने इस टूर्नामेंट के सफल संचालन में संघ के सभी सदस्यों और जिन्होंने भी इस टूर्नामेंट के संचालन में सहयोग किया उनका धन्यवाद ज्ञापन किया और आगे भी उनसे सहयोग की अपेक्षा की।

# पीएएसएसवीएम सिटिकबोना ने एसएसवीएम रजरप्पा को खो-खो प्रतियोगिता में हराया




**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत प्रिय अंजली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिटिकबोना विद्यालय सह लव कुश छात्रावास में 35वां प्रांतीय खेलकूद शिशु वर्ग समारोह-2024 का आयोजन किया गया। विद्या विकास समिति झारखंड के द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सिटिकबोना विद्यालय के भैया ने खो-खो प्रतियोगिता में एसएसवीएम रजरप्पा टीम को हराया। इस मौके पर खेलकूद एवं शारीरिक प्रशिक्षक प्रमुख मदन मोहन राय, सह प्रमुख सुनील मरांडी, संरक्षक आचार्य अमित कुमार महतो के साथ खो-खो टीम के कप्तान समीर सोरेन, उप कप्तान नागेश्वर मांझी, विक्की दर्वे, अमित दर्वे, लाल बाबू, अनूप, रूपेश, जितेंद्र, दिनेश राय साहिल एवं दिलीप मुर्मू मौजूद थे। विद्या विकास समिति झारखंड के सचिव अजय तिवारी, उपसचिव नकुल कुमार शर्मा, संगठन मंत्री ख्याली रामजी के द्वारा खो-खो टीम के विजेता टीम को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मधुप सहित अन्य मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686